**नई दिल्ली**

**सोमवार, 20 मई 2024**

वैशाख मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 39

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**

अधि. 44.0

न्यून. 31.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




सात्विक-चिराग बने थाईलैंड ओपन चैंपियन, भारतीय जोड़ी का यह 9वां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब

11






इन सीटों पर 8.95 करोड़ मतदाता

## चुनाव के 5वें चरण में 49 सीटों पर मतदान आज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में सोमवार को 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिए भी 35 सीटों पर वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग ने रविवार को यह जानकारी दी। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। कुछ मतदान केंद्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिए 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। आयोग के अनुसार 8 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतंदान केंद्रों पर वोट डालेंगे। ये लोग 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 ▶▶ शेष पेज 5 पर

## झारखंड में कांग्रेस और झामुमो पर जमकर बरसे पीएम मोदी

# 'शहजादे' माओवादियों की भाषा बोल रहे, नए-नए तरीकों से पैसा वसूल रहे



पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा किसी भी उद्योगपति को पार्टी द्वारा शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचने पर मजबूर कर देगी

### कांग्रेस कोयला और 2जी घोटालों सहित कई घोटालों में शामिल रही

एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे द्वारा माओवादियों की भाषा बोलने के कारण कोई भी उद्योगपति कांग्रेस शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचेगा।

मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर वंशवादी राजनीति को संरक्षण देने और लोकसभा सीट को 'खानदानी जायदाद' मानने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने गांधी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा किसी भी उद्योगपति को पार्टी द्वारा शासित राज्यों में निवेश करने से पहले 50 बार सोचने पर मजबूर कर देगी। शहजादे माओवादियों की भाषा बोल रहे हैं और नए-नए तरीकों से पैसा वसूल रहे हैं। जमशेदपुर की रैली में मोदी ने भाजपा के विद्युत बरन महतो के लिए प्रचार किया।




### कांग्रेस 'भ्रष्टाचार' की जननी

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला करते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो को देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि वे भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूबे हुए हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है, यह कोयला और 2जी घोटालों सहित कई घोटालों में शामिल रही है। झामुमो और कांग्रेस को उद्योगों की कोई चिंता नहीं है। झारखंड अपने समृद्ध संसाधनों के बावजूद भ्रष्ट नेताओं के पास मौजूद काले धन के ढेर के लिए जाना जाता है। उन्होंने आदिवासियों के अलावा सेना को भी नहीं बख्शा और उसकी जमीन हड़प ली। झारखंड के पूर्व सीएम (हेमंत सोरेन) भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं।

### रायबरेली सीट को खानदानी जायदाद मानती है कांग्रेस

पीएम मोदी ने रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के 'शहजादे' यह कहते हुए इस निर्वाचन क्षेत्र में पहुंचे हैं कि यह मेरी मां की सीट है, जो स्कूल जाने वाला आठ साल का लड़का भी नहीं कहेगा। उनकी मां (सोनिया गांधी) ने कहा कि वह अपने बेटे को रायबरेली को सौंप रही हैं। इसका मतलब उन्हें पार्टी का एक भी समर्पित कार्यकर्ता नहीं मिला। रायबरेली के मतदाता उनसे पूछते हैं कि वे कहां थे जब लोग कोविड महामारी के दौरान मुसीबत में थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक वसीयतनामा लिख रही है। वे संसद सीट को खानदानी जायदाद मानते हैं।

### लूटा हुआ धन गरीबों को लौटाएंगे

पीएम मोदी ने लोगों को यह भी आश्वासन दिया कि वह राज्य में 'लूटा हुआ सार्वजनिक धन' भ्रष्ट नेताओं से वसूल करेंगे और इसे उन गरीबों को लौटाएंगे जिनका यह धन है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित करने का भी आरोप लगाया और कहा कि पूर्व में उस पार्टी के शासनकाल के दौरान 18,000 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सरकार ने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ी

पीएम ने कहा कि उन्होंने नक्सलियों की रीढ़ तोड़ दी है, लेकिन 'धन उगाही' की जिम्मेदारी कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने ली है। मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को इस बात का जवाब देने की चुनौती देता हूं कि क्या वे अपने शहजादे की उद्योग-विरोधी भाषा से सहमत हैं?






## आगरा में तीन जूता कारोबारियों पर आयकर का छापा

एजेंसी ▶▶ आगरा

आगरा में तीन जूता कारोबारियों पर आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। यहां रकम इतनी बड़ी मिली कि गिनती के लिए नोट गिनने की मशीनें मंगवाई गईं, यह मशीनें थक गई हैं, जिसके बाद कुछ देर के लिए गिनती रोकनी पड़ी। पूरा रात नोटों की गिनती होती रही। सुबह तक 60 करोड़ रुपए की रकम बरामद हुई है। यह संख्या 100 करोड़ से ज्यादा निकलने की संभावना है। बहुत सारा पैसा तो बिस्तरों के नीचे छिपाया गया था। गौर हो कि इससे पहले आयकर व ईडी को झारखंड़ में छापों में नोटों के पहाड़ मिले थे।

### नोटों के 'पहाड़' के बाद...अब करीब '100 करोड़' के नोटों के 'बिस्तर', गिनते-गिनते मशीनें गर्म हो गईं, रात भर चली गिनाई



### आईफोन के लॉक में कई राज

टीम ने लैपटॉप, कंप्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। साथ ही इनका डेटा लिया गया है। रसीदें और बिल के साथ स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई है। इस जांच में कई हैरान कर देने वाली जानकारियां सामने आई हैं। एक प्रतिष्ठान के संचालक ने अपने आईफोन का लॉक ▶▶ शेष पेज 5 पर






सुप्रीम कोर्ट में दी गई चुनौती


## नए आपराधिक कानूनों के 'खिलाफ' होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में दावा किया गया है कि नए आपराधिक कानूनों में कई विसंगतियां हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की अवकाश पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नए आपराधिक कानून कहीं अधिक कठोर हैं और इससे देश में पुलिस का राज स्थापित ▶▶ शेष पेज 5 पर

## ईरान के राष्ट्रपति हेलीकॉप्टर हादसे के शिकार, संपर्क टूटा

**नई दिल्ली।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहा हेलिकॉप्टर रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उनके साथ विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी सवार थे। ईरानी न्यूज एजेंसियों के मुताबिक के मुताबिक, हेलिकॉप्टर अभी भी लापता है। घटना ईरान के वरजेघन शहर में हुई, जो अजरबैजान की सीमा के बेहद करीब है। ईरान के गृह मंत्री ने बताया है कि राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से अब तक कोई संपर्क नहीं हो सका है। उधर, खराब मौसम की वजह से रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच पा रही है। ईरान में कोहरे और ठंड की वजह से ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### तीन मृत सफाई कर्मियों के परिजनों को 30 लाख का मुआवजा दें: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शहर के अधिकारियों को 2017 में नाले की सफाई के दौरान मारे गए तीन सफाई कर्मचारियों के परिवारों को 30-30 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, अधिक अनुग्रह राशि की मांग करने वाली परिवार के सदस्यों की याचिका को स्वीकार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने परंपरागत तरीकों से सफाई में अपनी जान गंवाने वाले पीड़ितों के आश्रितों को देय मुआवजा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया था। परिजनों ने याचिका में कहा कि अगस्त 2017 में लाजपत नगर में नाले की सफाई के दौरान तीन सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई थी। याचिका में कहा गया है कि मृतकों को दिल्ली जल बोर्ड के एक उप-ठेकेदार ने काम पर लगाया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि यह देखा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किए गए निर्देश निगमों, रेलवे, छावनियों के साथ-साथ उनके नियंत्रण वाली एजेंसियों सहित सभी वैधानिक निकायों पर स्पष्ट रूप से लागू किए गए थे।

### सुप्रीम कोर्ट का सुकेश की याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की उस याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें अधिकारियों को उसे मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली की जेलों को छोड़कर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, ₹रिट याचिका में लगाए गए आरोपों के मद्देनजर प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाए, जिस पर 19 जुलाई, 2024 को जवाब दिया जाए।

### मेट्रो में ठुमके लगाते लड़की का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नई दिल्ली।** मेट्रो रेल में एक लड़की के ठुमके लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि वास्तव में यह वायरल वीडियो दिल्ली मेट्रो का ही है और कब, कहा का है। ताजा वायरल वीडियो में अनुमान है कि महिला कोच में एक लड़की जमकर ठुमके लगा रही है, जिसको देखकर सह यात्री महिलाएं व लड़कियां हंस रही है। डांसर लड़की ने जो ड्रेस पहन रखी है वह अश्लील श्रेणी में नजर आ रही है। सोशल मीडिया में इस वायरल वीडियो पर जमकर लोग कॉमेंट कर रहे है। लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जहां कुछ लोग इसे अश्लीलता परोसने वाला करार दे रहे है तो कुछ लोग डांस की जमकर तारीफ भी कर रहे है। कोच में नाचती लड़की एक जगह से दौड़ती हुई दूसरी तरफ डांस करती भागती दिखाई दे रही है। लड़की के कई स्टेप्स अश्लीलता भरे कहे जा सकते है। बता दें कि डीएमआरसी समय समय पर सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया व अन्य तरीके ऐसी क्रियाकलापों को लेकर रोकने की अपील भी करती रही है। कई मामलों में डीएमआरसी ने कार्रवाई भी की। डीएमआरसी की अपील व सख्ती के बावजूद ऐसे वीडियो बनाने वाले बाज नहीं आते।

युवा मतदाता देश की नीति और राजनीति को देते हैं नया आकार : सीईओ

# राजधानी में मतदान बढ़ाने के लिए 'संकल्प पत्र' पहल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

युवा मतदाता न सिर्फ चुनाव परिणामों को प्रभावित करते हैं बल्कि देश की नीति और राजनीति को नया आकार देते हैं। साथ ही देश के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत में बड़ी संख्या में युवा मतदाता का होना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उनका प्रभाव बेहद महत्वपूर्ण है। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति, आईएएस, ने आगामी आम लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जारी मतदाता जागरुकता से जुड़े एक मेगा इवेंट के दौरान युवाओं की भागदारी पर जोर देते हुए उक्त संबोधन दिया। सीईओ कृष्णमूर्ति ने कहा कि पहली बार मतदान करने जा रहे मतदाताओं के पास मतदान से अपने विचारों को परिलक्षित करने का एक सुनहरा मौका है। उन्होंने दोहराया कि मतदान न केवल एक अधिकार है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जो एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में पहचाने जाने के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम की शुरुआत में, रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. किन्नी सिंह, आईएएस ने पी. कृष्णमूर्ति, दिल्ली के सीईओ का स्वागत करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में पश्चिमी दिल्ली जिला प्रशासन, संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह कार्यक्रम स्वीप के तत्वावधान में शिवाजी कॉलेज, राजा गार्डन, नई दिल्ली के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहली बार मतदाताओं और युवा मतदाताओं के बीच मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित किया गया था। निज़ामी ब्रदर्स द्वारा सूफी गायन और इंडियाज़ गॉट टैलेंट की टीमों द्वारा नृत्य प्रदर्शन कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहा। इस कार्यक्रम में कैंपस एंबेसेडर, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स, छात्रों और पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के फर्स्ट टाइम वोर्टर्स ने भाग लिया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के सीईओ पी. कृष्णमूर्ति ने अपने संबोधन में समाज के सभी वर्गों में मतदाता जागरूकता पैदा करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने लोगों से मतदान के माध्यम से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की नींव मजबूत करने का आग्रह किया और विशेष रूप से पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं से चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का अनुरोध किया।






## 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा सुनिश्चित किया जाएगा : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि भाजपा इस बात से घबरा गई है कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आएगा और इसमें शामिल आम आदमी पार्टी (आप) राष्ट्रीय राजधानी के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा सुनिश्चित करेगी। पार्टी के दक्षिण दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार सहीराम पहलवान के समर्थन में कालकाजी में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा इस तथ्य से घबरा गई है कि जब चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होंगे तो उसे हार का सामना करना पड़ेगा। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने शरद पवार को 'भटकती आत्मा' कहा। मोदी जी 74 साल के हैं और पवार जी 84 साल के हैं। क्या एक बुजुर्ग व्यक्ति के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना सही है? यह उम्मीद व्यक्त करते हुए कि 'इंडिया' गठबंधन चार जून को सत्ता में आएगा, केजरीवाल ने कहा, ₹आप सरकार का हिस्सा होगी। हम दिल्ली के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा सुनिश्चित करेंगे। दिल्ली में अच्छे सरकारी स्कूल और अस्पताल हैं लेकिन कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है।₹ अंबेडकर नगर में एक अन्य चुनावी सभा में आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, ₹मैंने पिछले कुछ दिनों में देश भर में यात्रा की है और लोग बेरोजगारी से तंग आ चुके हैं। लेकिन प्रधानमंत्री सोच रहे हैं कि किसे जेल भेजा जाए। वे सभी आप नेताओं को गिरफ्तार करेंगे। क्या हमने प्रधानमंत्री चुना है या थानेदार? केजरीवाल ने कहा कि पुलिस शिकायतकर्ताओं की नहीं सुनती। हमने दिल्ली में स्कूलों और अस्पतालों में सुधार किया है। अब हम यहां कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार करेंगे।

## आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के झूठे वादों से जनता का विश्वास उठा : शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाकर लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को भाजपा स्टार प्रचारकों और नेताओं ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान दिल्ली में भाजपा के कई स्टार प्रचारकों ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील कर'ते हुए जनसभाएं, रोड शो में भाग लिया। उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में बुराड़ी के संत नगर में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एवं कमल विहार में भाजपा नेता माधवी लता ने जनसभाओं को सम्बोधित किया। वहीं, झड़ौदा वार्ड में महिला भागीदारी वाली विशाल सभा को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सम्बोधित किया। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुराड़ी विधानसभा में उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा से सांसद प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के झूठे वादों से जनता का विश्वास उठ चुका है। इन्होंने निज स्वार्थ के लिए सरकार चलाई और जनता को ठगा है। इस दौरान उन्होंने भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज, प्रवीण खंडेलवाल और कमलजीत सहरावत के समर्थन रविवार को जनसभाओं को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को बुलंदियों पर ले जाने का काम किया है। 10 वर्षों में विकास की नई परिभाषाएं नरेन्द्र मोदी ने गढ़ी हैं। दिल्ली में प्रगति मैदान नवीकरण, भारत मंडपम निर्माण, ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफेरल रोड, यूईआर 2 रोड, प्रधानमंत्री म्यूजियम, कर्तव्य पथ आदि बनाकर दिल्ली की रुप रेखा बदली है।तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया के सुपर आइकॉन के. अन्नामलाई ने रविवार दोपहर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के मयूर विहार में तमिल प्रवासियों की सभा को तो शाम को पश्चिम दिल्ली संसदीय क्षेत्र के ख्याला रोड़ पर एक जनसभा को सम्बोधित किया।

## राहुल ने देश के युवाओं, जरूरतमंदों की आवाज को उठाया : सचिन पायलट

हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को यमुनापार में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि इस बार उत्तर पूर्वी दिल्ली में सबसे अधिक हिस्सेदारी न्याय की जरूरत है। क्योंकि सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती जरूरी है। क्योंकि जिस ओबीसी समाज के समर्थन को लेकर भाजपा नेता सांसद बने आज उसी समाज को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने पूरे देश में हजारों किमी पैदल यात्रा की। भारत जोड़ों व न्याय यात्रा के द्वारा राहुल ने देश के युवाओं, बेरोजगारों, मजदूरों, जरूरतमंदों की आवाज को उठाया। आज पूरा देश राहुल गांधी के साथ है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत तय है। इस अवसर पर इस मौके पर पायलट के अलावा कन्हैया कुमार, पूर्व डीपीसीसी अध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व मंत्री डॉक्टर नरेंद्र नाथ , दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस ने देश में साक्षरता और उच्च शिक्षा संस्थानों को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया: देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पार्टी ने देश में साक्षरता और उच्च शिक्षा संस्थानों को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने अपने कार्यकाल में 30 नए केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की, जिससे देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या दोगुनी हो गई। यादव ने केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों, विशेषकर उच्च शिक्षा किस दिशा में जा रही हैं, इस बारे में अपनी चिंता को साझा किया। देवेंद्र ने यह बातें दिल्ली विश्वविद्यालय में इंडियन नेशनल टीचर कांग्रेस (इंटेक) द्वारा आयोजित टाउन हॉल मीट को संबोधित करते हुए कही

## हर रोज औसतन चार लोग गवां रहे सड़क दुर्घटनाओं में जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इस साल 15 मई तक सड़क हादसों में 518 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इस हिसाब से 136 दिन में प्रतिदिन औसतन चार लोगों की मौत सड़क हादसों की वजह से हो गई। इनमें पैदल राहगीर, साइकिल सवार, दुपहिया वाहन से लेकर कार सवार सभी लोग शामिल हैं। ट्रैफिक पुलिस के लिए राहत की खबर बस यही है कि सड़क पर मरने वाले लोगों के इस आंकड़े में पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी गिरावट आई है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक इस साल 15 मई तक 511 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 518 लोगों की जान गई। जबकि पिछले साल इसी समयावधि में 544 दुर्घटनाओं में 552 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस इस गिरावट को अपनी उपलब्धि के तौर पर देख रही है। ट्रैफिक पुलिस का मानना है एक सक्रिय दृष्टिकोण, यातायात उल्लंघनों के खिलाफ कड़े प्रवर्तन और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने वाली पहल के माध्यम से शहर भर में सड़क सुरक्षा मानकों को सफलतापूर्वक बढ़ाया है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली की 10 सड़कों की भी पहचान की है, जहां पर इस साल सबसे ज्यादा घातक दुर्घटनाएं हुई है। पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न चौक चौराहों पर जागरुकता कार्यक्रम के जरिए लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के पाठ पढ़ा रही हैं। मकसद यही है कि सड़क हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या को कम किया जाए।



**10 सड़कों पर हुए सबसे ज्यादा हादसे**

| | |
|---|---|
| रिंग रोड | 33 |
| आउटर रिंग रोड | 31 |
| जीटीके रोड | 27 |
| रोहतक रोड | 19 |
| नेशनल हाईवे 8 | 13 |
| मथुरा रोड | 10 |
| नजफगढ़ रोड | 9 |
| कंझावला रोड | 7 |
| नेशनल हाईवे 24 | 7 |
| वजीराबाद रोड | 7 |

### ई कॉमर्स कंपनी में फर्जी दस्तावेजों से नौकरी कर महंगा सामान लेकर हो जाते थे फरार, तीन धरे

**नई दिल्ली।** साउथ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो नौकरी दिलाने के नाम पर धोखे से लोगों की आईडी और दस्तावेज एकत्रित करते और फिर ई कॉमर्स कंपनियों में उनके सहारे डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी हासिल कर लेते थे। बाद में महंगे सामान पर हाथ साफ कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने ऐसे ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम निखिल राठौर, यागेन्द्र उर्फ योगी और चंदन कुमार मिश्रा है। इनके पास से पुलिस ने नौ मोबाइल, दो ईयरफोन, एक बेल्ट, लेडीज ड्रेस आदि ब्रांडेड सामान जब्त किया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 21 अप्रैल को हौजरानी मालवीय नगर निवासी पीड़ित ने कई वस्तुओं के चोरी होने की सूचना दी थी। सामान करीब पांच लाख कीमत का था। इस बाबत मिली शिकायत पर पुलिस ने चोरी, धोखाधड़ी और साजिश की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि ईकार्ट में नौकरी के लिए फर्जी आईडी दी गई थी। लोकल इंटेलीजेंस की मदद से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटायी गई और फिर उन्हें दबोच लिया गया। आरोपी पिछले पांच साल से ऐसा कर रहे थे। पुलिस ने इनके पकड़े जाने पर मालवीय नगर और द्वारका नार्थ थाने में दर्ज दो मामले सुलझाने का दावा किया है।

# उत्तम नगर: युवक की पीट पीटकर हत्या

## एक नाबालिग समेत तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तम नगर इलाके में 26 वर्षीय युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम करण बताया गया है। वह उत्तम नगर थाने का बीसी था। पुलिस का कहना है कि वह करीब 10 मामलों में शामिल रह चुका था। हत्या के आरोप में एक नाबालिग समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वारदात में शामिल कुछ आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात वारदात की सूचना मिली थी। एसआई राम निवास अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक पीसीआर वैन घायल युवक को सफदरजंग अस्पताल ले जा चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि आपसी रंजिश में हत्या की गई है। मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था। कई मामलों में शामिल रह चुका था। फिलहाल पकड़े गये नाबालिग समेत तीन आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## सीलमपुर: युवक की हत्या में दो नाबालिग समेत चार पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीलमपुर इलाके में एक युवक की हत्या के केस में दो नाबालिग समेत चार आरोपी पकड़े गए हैं। इनके पास से तीन चाकू और बर्फ तोड़ने वाला सुआ बरामद हुआ है। दो आरोपियों के नाम मोहम्मद आदिल अंसारी (19) और फैजल (18) है। गली में शोर मचाने का विरोध करने पर हुई कहासुनी और फिर मृतक को सबक सिखाने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया था। युवक के ऊपर चाकू से आधा दर्जन बार हमला करने के बाद सुए से भी वार किए गए थे। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार शुक्रवार को मोहम्मद इकबाल (20) नाम के एक युवक की हत्या कर दी गई थी। वह करीब दो महीने पहले ही काम के सिलसिले में बिहार से दिल्ली आया था। मृतक इकबाल वर्तमान में गली नंबर 5, गौतमपुरी में सिलाई की फैक्टरी में काम कर रहा था। आरोपी गली में शोर शराबा करते थे, इस बात का पीड़ित ने विरोध किया था। करीब सप्ताह भर पहले आरोपियों और मृतक के बीच कहासुनी हुई थी। शुक्रवार रात गली में उस पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था।

## भलस्वा डेयरी: मर्डर केस में फरार दो आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने भलस्वा डेयरी इलाके में हुए मर्डर केस में वांटेड दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। दोनों 2016 से फरार थे। इनके नाम जयपुर निवासी विक्रम उर्फ विक्की (35) व शिवा (24) बताये गये हैं। दोनों दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में रह रहे थे। आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 30 दिसंबर 2016 को मुकुंदपुर इलाके में हत्या की वारदात सामने आई थी। दरअसल सुबह करीब नौ बजे दोनों आरोपी अपने साथियों के साथ एक घर में घुसे थे। चंचल की पिटाई करने के बाद उस पर चाकू से हमला कर दिया। घायल को अचेत हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना को लेकर भलस्वा डेयरी थाने में हत्या का केस दर्ज किया। जांच के दौरान लोकल पुलिस ने इरशाद, विष्णु, राहुल और जैकी को अरेस्ट कर लिया था। मुख्य आरोपी विक्रम और शिवा इस केस में फरार थे। इस वारदात में शामिल बाकी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा कोर्ट ने सुनायी थी। फरारी के दौरान दोनों ने पुलिस और अपने दोस्तों से दूरियां बना ली थी। शुरुआती तीन चार महीने में ज्यादातर समय इन्होंने ट्रेन में ही इधर उधर सफर कर गुजारा। उन्होंने अपने फोन भी तोड़ दिए थे। वे मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, उतराखंड और राजस्थान में अपने ठिकाने बदलते रहे। दोनों अलग अलग शहरों में वेंडर और छोटे मोटे काम कर समय काट रहे थे। हाल ही में क्राइम ब्रांच की टीम को इनके जयपुर में होने का इनपूट मिला था। इसके बाद पुलिस ने दोनों को जयपुर से दबोच लिया।

इस सीजन की सबसे ज्यादा बिजली की खपत दर्ज, आंकड़ा 7 हजार मेगावाट के पार

# भीषण गर्मी में झुलसी दिल्ली, कई जगह तापमान 47 डिग्री पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली वालों को इस समय झुलसाने वाली भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। सूरत के तेवर इतने सख्त है कि नजफगढ़ क्षेत्र अधिकतम तापमान रिकॉर्ड स्तर 47 डिग्री को पार कर गया है।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा तापमान बाहरी दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि दूसरे नंबर पर रहा मुंगेश पुर में 47.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जबकि पीतमपुरा में 47 डिग्री सेल्सियस, जाफरपुर में 46. 6 डिग्री, पूसा में 46.5 डिग्री, आया नगर में 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। आईएमडी का कहना है कि जबकि समग्र दिल्ली का अधिकतम तापमान 44. 4 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4 डिग्री ज्यादा है। यानी कहा जा सकता है कि इस समय दिल्ली झुलस रहे है। दिन के समय हल्की लू ने भी परेशानी बढ़ाई।

### नहीं मिलेगी जल्द राहत

आईएमडी का कहना है कि ऐसा मौसम अगले चार पांच दिन बना रह सकता है। अगर यह आकलन सही साबित होता है माना जा सकता है अगले वीकेंड यानी रविवार तक दिल्ली उबलती रहेगी। सनद रहे कि गत चार पांच दिन से दिल्ली वालो को भीषण गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। हालात यह है कि लोगों को मजबूरी में घरों में रहना पड़ रहा है। बहुत जरूरी कार्य होने पर बाहर निकलना मजबूरी बन गया है। आसमान साफ सुथरा रखने की वजह से सूरज की किरणें सीधे पृथ्वी तक पहुंच रही है जो गर्मी बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। मौसम के जानकार रवि त्रेता का कहना है कि दिल्ली में अभी पारा एक से दो डिग्री और बढ़ सकता है। क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों में कोई ऐसा ताजा मौसमी सिस्टम नहीं बन रहा है जिसकी वजह से दिल्ली एनसीआर को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि वैसे तो अभी अगले 10-15 ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हां कुछ दिन बाद पारे में एक दो डिग्री की गिरावट होगी जिससे बहुत राहत मिलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत के बाद यानी जून के प्रथम सप्ताह में कुछ उम्मीद की जा सकती है। भीषण गर्मी से उबल रही दिल्ली में बिजली की खपत भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वीकेंड की पर्व संध्या यानी शनिवार देर रात करीब 10.52 बजे दिल्ली में बिजली की मांग 7174 मेगावाट पर पहुंच गई। यह लगातार चौथा दिन है जब बिजली की मांग में इजाफा दर्ज हा रहा है। गत वर्षों की तुलना में इस बार एक मई से ही बिजली की मांग में 100 प्रतिशत तक की बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही कई क्षेत्रों में कटौती की मार भी झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं के ठीक उलट निजी बिजली आपूर्ति कंपनियां बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि बिजली की कोई कमी नहीं है, आपूर्ति सुचारू जारी है।

### 'गौशालाओं में गर्मी से बचाव के लिए फंड जारी करे दिल्ली सरकार और एमसीडी'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी और लू को देखते हुए गौशालाओं में पशुओं के लिए उचित व्यवस्थाएं नहीं होने से ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है और दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम से उचित फंड जारी करने की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को उठाने वाले दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव और दिल्ली ओबीसी के अध्यक्ष जगदीश यादव ने दिल्ली देहात के गांवों में बनी गौशाला व देहात के वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए गांवों का दौरा करने के बाद यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दिल्ली देहात नजफगढ़ क्षेत्र में बनी गौशाला में जाने पर पता लगा कि सरकार ने उनका करोड़ों का फंड जारी नहीं किया है।

### इलेक्ट्रिक बस में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** डीटीसी कर्मचारियों के संगठन डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक बस में आग लगने की घटना पर सवाल उठाए है। संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि रविवार को सुबह लगभग 11 बजे हौज खास के पास एक इलेक्ट्रिक बस में आग लग गई, यह बस बुराड़ी डिपो की थी, जिसका रूट नंबर 502 था और बस नंबर डीएल 51 ईवी 4540 था। दोनों ने कहा कि बताया जा रहा है कि इस इलेक्ट्रिक बस का वातानुकूलित (एसी) सिस्टम सही से कार्य नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा कि बस के चालक ने इस समस्या को देखते हुए सवारियों को आईआईटी गेट के पास उतारकर एसी की समस्या को लेकर डिपो में शिकायत दी। पांच मिनट बाद ही बस में आग लग गई। बस चालक की सूझबूझ की वजह से बेशक एक बहुत बड़ा हादसा टल गया।

कोर्ट ने कुमार को पुलिस हिरासत के दौरान अपने वकील और पत्नी से आधे-आधे घंटे के लिए मिलने की दी अनुमति

## अदालत ने बिभव कुमार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

# केजरीवाल आवास के सीसीटीवी डीवीआर जब्त, स्वाति ने लगाया सीसीटीवी से छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट की जांच के सिलसिले में रविवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास से सीसीटीवी के डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये। मालीवाल का कहना है कि सीसीटीवी से छेड़छाड़ की गई है। उनसे मारपीट वाला हिस्सा डीवीआर से गायब है। वहीं बिभव कुमार का फोन भी फॉर्मेट किये जाने की बात कही जा रही है। वहीं अदालत ने बिभव कुमार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है।

पुलिस ने बिभव कुमार को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्हें देर रात अदालत में पेश किया गया, जहां कुमार का पांच दिन का रिमांड पुलिस को मिला है। अदालत में पेश करते हुये दिल्ली पुलिस की तरफ से सात दिन की हिरासत का अनुरोध किया गया था। सूत्रों ने बताया कि कुमार पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दे रहे थे। दिल्ली पुलिस ने मालीवाल की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत बिभव कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। रिमांड मिलने के बाद पुलिस साक्ष्य एकत्र करने के लिए कुमार को कई जगहों पर लेकर जाएगी। अदालत ने हर 24 घंटे में कुमार की चिकित्सकीय जांच कराए जाने का भी निर्देश दिया है और कहा कि जांच एजेंसी आरोपी को किसी भी तरह की यातना नहीं देगी। अदालत ने कुमार को पुलिस हिरासत के दौरान अपने वकील और पत्नी से आधे-आधे घंटे के लिए मिलने की भी अनुमति दी है। आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने की कुमार की अर्जी भी स्वीकार कर ली गई।

## किसी दौर में हम सब निर्भया के लिए सड़क पर निकलते थे, आज एक आरोपी को बचाने के लिए निकले : मालीवाल

**नई दिल्ली।** किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे, आज 12 साल बाद एक ऐसे आरोपी को बचाने के लिए सड़क पर निकले हैं जिसने सीसीटीवी फुटेज गायब किए और फोन फॉर्मेट किया। यह बातें रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने कहीं। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे, आज 12 साल बाद एक ऐसे आरोपी को बचाने के लिए सड़क पर निकले हैं जिसने सीसीटीवी फुटेज गायब किए और फोन फॉर्मेट किया। काश इतना ज़ोर मनीष सिसोदिया के लिए लगाया होता। वो यहां होते तो शायद मेरे साथ इतना बुरा नहीं होता। उल्लेखनीय है कि मनीष सिसोदिया वर्तमान में आबकारी नीति मामले के संबंध में तिहाड़ जेल में बंद हैं। इससे पहले स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया था कि जब वह 13 मई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं तो उनके निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की थी। वहीं 'आप' ने उनके आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया है कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में फंसाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम कर रही हैं। बता दें कि स्वाति मालीवाल दस साल से अधिक समय पहले आप की स्थापना के समय से ही उससे जुड़ी हुई हैं।



## भाजपा ने 'आप' को कुचलने के लिए शुरू किया है 'ऑपरेशन झाड़ू' : केजरीवाल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) को कुचलने के लिए ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया है क्योंकि भाजपा आप को एक चुनौती के रूप में देखती है। यह बात रविवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पैदल मार्च से पहले पार्टी मुख्यालय पर नेताओं को संबोधित करते हुए कही। केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगे बड़ी चुनौतियां सामने आएंगी। उनका सामना करने के लिए तैयार रहें। झाड़ू ऑपरेशन के तहत ये लोग हमारे बड़े नेताओं को गिरफ्तार करेंगे, हमारे बैंक अकाउंट सीज करेंगे और हमारा दफ्तर खाली करके हमें सड़कों पर लाएंगे। भाजपा को लगता है कि आप को ख़त्म कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं होगा। आप देश के 140 करोड़ लोगों के सपने की पार्टी है। उन्होंने कहा कि आप एक केजरीवाल को गिरफ्तार करोगे तो भारत मां की कोख से हजार केजरीवाल पैदा होंगे। हमारे ऊपर भगवान हनुमान का आशीर्वाद है। सत्य के मार्ग पर चलना है। हम समाज के लिए काम करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को मेरे पीए को गिरफ्तार कर लिया। अब राघव चड्ढा बाहर से आए हैं। ये कह रहे हैं कि उसको भी गिरफ्तार करेंगे। फिर आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत को गिरफ्तार करेंगे। इसलिए आज हम सब इकट्ठे हुए हैं। मैं भाजपा को कहना चाहता हूं कि आप एक-एक करके गिरफ्तार करने से दुखी हो रहे हो। आज हम सारे ही आए हैं। आज आप हम सबको ही गिरफ्तार करके देख लो।

## मार्च की ओर निकले केजरीवाल को पुलिस ने आप दफ्तर के बाहर ही रोका

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अपनी दी चुनौती के मुताबिक रविवार को दोपहर 12 बजे सभी नेताओं के साथ गिरफ्तारी देने के उद्देश्य से मार्च करते हुए अपनी पार्टी कार्यालय से निकले लेकिन पुलिस ने उन्हें उनके कार्यालय के बाहर ही रोक दिया। सड़क पर करीब आधे घंटे तक इंतजार करने के बाद सीएम केजरीवाल पार्टी कार्यालय में चले गए।

## प्रदर्शन के दौरान मुस्तैद खड़ी थी दिल्ली पुलिस

अरविंद केजरीवाल के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस ने आप कार्यालय से भाजपा मुख्यालय तक के पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया था। सुबह से ही दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर धारा 144 लागू करके कई लेवल की बैरिकेडिंग लगाई गई थी। भाजपा के दफ्तर के बाहर भी हाई लेवल की सिक्योरिटी फोर्स को तैनात किया गया था। पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ महिला पुलिस बल को भी तैनात किया गया। साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़ने के लिए टैंक और वॉटर कैनन का भी इंतजाम किया गया था।

## भाजपा दिल्ली पुलिस के जरिए आप को बदनाम करने के लिए फैला रही झूठ : सौरभ

**नई दिल्ली।** चुनाव से 4 दिन पहले आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए भाजपा दिल्ली पुलिस के जरिए झूठ फैला रही है। यह बात आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रैसवार्ता में कही। भारद्वाज ने कहा कि यह सारा षड्यंत्र केवल इसलिए किया जा रहा है कि किसी भी तरह चुनाव से चार दिन पहले आम आदमी पार्टी को बदनाम कर दिया जाए। उन्होंने कहा की जहां तक मुझे कानून की जानकारी है, किसी महिला द्वारा धारा 354 के तहत दर्ज कराई गई मोलेस्टेशन की शिकायत और एफआईआर गोपनीय रखी जाती है, इसे किसी के साथ भी साझा नहीं किया जा सकता। परंतु आप देख सकते हैं कि स्वाति मालीवाल द्वारा धारा 354 के तहत दर्ज कराई गई मोलेस्टेशन की शिकायत की एफआईआर की कॉपी पूरे देश के मीडिया और सोशल मीडिया में घूम रही है, जो शिकायत की प्रति केवल दिल्ली पुलिस के पास होनी चाहिए थी, जिसे कानूनन गोपनीय रखना चाहिए था, वह शिकायत की प्रति मीडिया और सोशल मीडिया के पास कैसे पहुंची। इस बात से साफ जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी केवल आम आदमी पार्टी को बदनाम करने की एक साजिश कर रही है ताकि चुनाव में इसका लाभ उठा सके।

## केजरीवाल की प्रेस वार्ता सिर्फ एक नई नौटंकी थी और कुछ नहीं : सचदेवा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रेस वार्ता सिर्फ एक नई नौटंकी थी और कुछ नहीं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को सीएम केजरीवाल पर निशाना साधते हुए प्रेसवार्ता में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के आवास में उनके ही सहायक बिभव कुमार ने एक ऐसी 'आप' महिला सांसद को मारा पीटा जिसे कुछ दिन पहले तक केजरीवाल झांसी की रानी बुलाते रहे पर अब उसके साथ हुए अभद्र दुर्व्यवहार पर एक शब्द नहीं बोल रहे। वहीं दूसरी ओर उनके सहयोगी बिभव की गिरफ्तारी का उन्हें बहुत दुख है और वह उसको लेकर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन भी करने को तैयार हैं। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल आज बिभव की गिरफ्तारी से डरे हुए हैं क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और उन सभी कारनामों के राजदार बिभव कुमार है। इसलिए उनको स्वाति मालिवाल के साथ हुई घटना का डर नहीं बल्कि बिभव का डर सता रहा है। प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रेसवार्ता संचालित की और कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा के बाद यह स्थापित हो गया कि भाजपा विकास के सकारात्मक ऐजेंडा पर चुनाव जीतने उतरी है और वहीं, दूसरी तरफ हार के भय से केजरीवाल भ्रष्टाचार पर बचाव के नाम पर नकारात्मक प्रचार कर रहे हैं। मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और कार्यालय मंत्री बृजेश राय भी प्रेसवार्ता में उपस्थित थे।

### जहां घटना हुई वह केजरीवाल का अपना घर था

सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनके प्रवक्ता बार-बार स्वाति मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार में भाजपा का हाथ बता रहे हैं लेकिन केजरीवाल बताएं कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं, जहां घटना हुई वह मुख्यमंत्री केजरीवाल का अपना घर था, जिसने पीटा वह बिभव कुमार मुख्यमंत्री का सहयोगी है, इस पूरे मामले की पुष्टि जिस सांसद संजय सिंह ने की वह 'आप' के सांसद हैं, तो इस पूरे मामले में भाजपा कहां है? जिन महंगे वकीलों पर दिल्ली सरकार के खजाने से वह करोड़ों खर्च कर रहे हैं, उन्हें राज्यसभा भेजने के लिए मालीवाल को लेकर यह पूरी नौटंकी हो रही है। सचदेवा ने आरोप लगाते हुए कहा कि आज अरविंद केजरीवाल के साथ दिक्कत है कि हर वह व्यक्ति जो उनके सामने थोड़ा भी सच बोलता है उसे वह भाजपा का एजेंट करार देते हैं।




Authorised Dealers: South Delhi: Lajpat Nagar, Sapphire Hero, Ph: 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road), Pashupati Hero, Ph: 9289922381, Pul Prahladpur Badarpur Singla Hero, Ph: 9289922771, Okhla Phase II - A R C Hero, Ph: 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahdara), Himgiri Hero, Ph: 9289922380, Pushtakartar Nagar, Aman Hero, Ph: 9289922735, Dilshad Garden, Rk Hero, Ph: 9289923010, Patparganj, Pandav Nagar, Singla Autoneeds Hero, Ph: 9289923222, North Delhi: Azadpur, Shraman Automobiles, Ph: 9289923185, Rithala (Rohini), Metro Hero, Ph: 9289922597, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road), Ess Aay Hero, Ph: 9289922382, Upper India Hero, Ph: 9717198198, West Delhi : New Roshanpura (Najafgarh), Avni Hero, Ph: 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi), Shivganga Hero, Ph: 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka), Singla Hero, Ph: 9289922530, Tilak Nagar, Khanna Hero, Ph: 9289922383, Bali Nagar, Khanna Hero, Ph: 9289924309, Nawada, Khanna Hero, Ph: 9289924310, Faridabad: Sehgal Hero, Ph: 9289922419, Sehgal Hero, Nit, Ph: 9289207333 Gurgaon: Himgiri Hero, Ph: 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11, Ph: 9289923221, Autoneeds Hero, Ph: 9289922051, Jaasodha Hero, Ph: 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad), Ph: 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road), Ph: 9289924248, Auto Links Hero, No.160/2 Delhi Road, Sohna, Ph: 9289924089, Ghaziabad : Globe Hero, Meerut, Delhi Road, Ph: 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar, Ph: 9289923068, Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector-63, Ph: 9289923044, Uppal Hero- B 124, Sector-5, Ph: 9289922462, Singla Hero, C-70, Sector-58, Ph: 9289923059, Sahibabad: Sahib Hero, Ph: 9289922486, Bulandshahar: Shri Durga Hero, Delhi Road, Ph: 9289922504, Krishna Hero, Raje Babu Road, Ph: 9289922410.

## खबर संक्षेप

### निशुल्क जांच शिविर में 250 मरीजों की जांच

**फरीदाबाद।** स्वास्तिक अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में



अनुभवी डाक्टरों की टीम डा. राजीव, डॉ. तरुण शर्मा, महिला विशेषज्ञ डॉ. उर्मिला टैगोर, डॉ. श्रीकांत चौरसिया, डॉ. . रोहित कश्यप, रोहित शर्मा आदि ने 250 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की । शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हड्डी रोग, महिला रोग सहित अन्य बीमारियों की जांच कर मरीजों को लैब रिपोर्ट पर 60, मेडिसन पर 20 प्रतिशत की छूट दी गई। डॉ. तरुण शर्मा ने बताया कि अस्पताल प्रत्येक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करता है।

### मकान देखने के बहाने घर आए परिचित ने की हत्या


**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक के अकबरपुर बहरामपुर में श्यामदत्त के साथ उनके दूर के



रिश्तेदार ने साथ बैठकर कोल्ड ड्रिंक पी, नाश्ता किया इसके बाद चाकू से हमला कर दिया। हमला कर आरोपी फरार हो गया। गंभीर अवस्था में श्यामदत्त (55) को नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस को मामले की सूचना मिली थी। मामले में श्यामदत्त की बेटी मोनिका ने हमलावरों पर पिता की जेब में रखे 60 हजार रुपए ले जाने का आरोप लगाया है।

### जहरीला पदार्थ निगल इंजीनियर ने की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** भौंडसी एरिया के सिग्नेचर सोसाइटी में एक इंजीनियर ने जहरीला पदार्थ



निगलकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में 174 की कार्रवाई की। दरअसल, रोहतक निवासी ध्रुव कालिया काफी समय से सिग्नेचर सोसाइटी में अपनी पत्नी व 6 साल की बेटी के साथ रह रहा था। ध्रुव पिछले कई दिन से किसी बात को लेकर परेशान था। जिसके चलते उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

---

डॉ. सिन्हा ने की पार्किंग संचालकों के साथ बैठक

# पार्किंग संचालन में मिली गड़बड़ी को लेकर ननि सख्त अब आई कार्ड पहने दिखेगी पार्किंग संचालकों की टीम

**नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा पार्किंग में कार्य करने वाले कर्मचारियों को आई कार्ड रखने के निर्देश जारी किए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम पार्किंग में निर्धारित शुल्क ज्यादा वसूली करने तथा अन्य गड़बड़ियों को लेकर नगर निगम सख्त रुख अपनाने जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा पार्किंग में कार्य करने वाले कर्मचारियों को आई कार्ड रखने के निर्देश जारी किए हैं। इसको लेकर पार्किंग प्रभारी डॉ. संजीव सिन्हा ने पार्किंग संचालकों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने पार्किंग स्थलों पर निर्धारित शुल्क के बोर्ड लगाने तथा उसी के तहत पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए हिदायत दी है। इसके अलावा किसी प्रकार की अनियमित्ता की शिकायत प्राप्त होने पर नगर आयुक्त महोदय के निर्देशन में कड़ी कार्यवाही करने को कहा। पार्किंग संचालकों को उनकी जिम्मेदारी बताते हुए प्रशिक्षण देकर अपनी टीम बनाने के लिए भी कहा गया। जिसमें नियम अनुसार पार्किंग शुल्क वसूलने, तथा निर्धारित स्थान पर ही पार्किंग चलाने टीम को आई कार्ड दिए जाने व अन्य आवश्यक विषय पर चर्चा की गई।

पार्किंग स्थल पर बोर्ड पर अंकित शुल्क के क्रम में ही वसूली, अन्यथा होगी कार्रवाई



### नियम विरुद्ध कार्य करने पर धनराशि होगी जब्त

*नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद में पार्किंग संचालकों को सही प्रकार से पार्किंग संचालन करने के लिए अवगत कराया गया है। साथ ही किसी प्रकार की नियम विरुद्ध कार्य करने पर धनराशि भी जप्त की जा सकती है तथा कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है। सिन्हा ने अवगत कराया गया है, डॉ संजीव कहा कि पार्किंग संचालकों द्वारा केवल अपने निर्धारित पार्किंग एरिया में ही पार्किंग वसूलने का कार्य किया जाना है। जिसके लिए आवश्यक बोर्ड भी लगाए जाने हैं। पार्किंग संचालन हेतु कार्य कर रही टीम की भी पूरी जानकारी गाजियाबाद नगर निगम को उपलब्ध करानी होगी। जिसके तहत उनको आई कार्ड भी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करना होगा, पार्किंग स्थलों पर लगे हुए बोर्ड पर अंकित शुल्क के क्रम में ही पार्किंग वसूली का कार्य किया जाना है अवगत कराया गया।*

---

भाजपा महिला मोर्चा के सम्मेलन में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

# मुद्रा लोन लाभार्थी बन देश के विकास में आधी आबादी बनी विकास का इंजन

**भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के लाभार्थ जितनी भी नीतियों का निर्धारण किया। उससे केंद्र में महिलाओं को ही रखा। चाहे मामला शिक्षा का रहा हो, मुद्रा लोन का रहा हो, उज्जवला योजना रही हो या महिला सम्मान शौचालय योजना रही हो।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के लाभार्थ जितनी भी नीतियों का निर्धारण किया। उससे केंद्र में महिलाओं को ही रखा। चाहे मामला शिक्षा का रहा हो, मुद्रा लोन का रहा हो, उज्जवला योजना रही हो या महिला सम्मान शौचालय योजना रही हो।

महिला सशक्तिकरण के चलते ही देश के विकास का इंजन अब महिलाएं ही बन गई है। जगत प्रकाश नड्डा फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महिला कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। सम्मेलन में पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा इकाई की प्रदेशाध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शनी द्वारा उनका स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सम्मेलन में मौजूद भाजपा महिला कार्यकर्ताओं को भाजपा पालिमेंटरी बोर्ड की सदस्य सुधा यादव, प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष नीरा तोमर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर नड्डा ने महिला शक्ति से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर की जीत को बड़ी जीत में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी महिला शक्ति घर-घर जाकर लोगों से वोटों की अपील करें और कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से भी ज्यादा अंतर से जिताने में सहयोग करें। श्री नड्डा ने कहा कि मोदी जी ने 2029 की लोकसभा के लिए नारी वंदन अधिनियम बनाकर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाते हुए देश की डिफेंस मिनिस्टर और फाइनेंस मिनिस्टर और विदेश मंत्री बनाने का साहस देश में किसी ने किया तो नरेंद्र मोदी ने किया। नेशनल सिक्योरिटी की कमेटी में स्वर्गीय सुषमा स्वराज और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के रूप में किसी महिला को स्थान देने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि नेशनल कमेटी से लेकर प्रदेश, जिला और मंडल तथा बूथ स्तर तक की कमेटी में महिलाओं को भागीदारी देने का काम भाजपा ने किया।

उन्होंने कहा कि देश में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। अगर विकास की दृष्टि से बात करें तो चाहे डिफेंस सेक्टर, कारपोरेट सेक्टर, स्टार्टअप में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्ति करने का काम पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने आगे बढ़ते हुए कहा कि इसरो में ज्यादातर महिला वैज्ञानिक देश की सेवा में लगी हुई हैं। उन्होंने महिला शक्ति की तारीफ करते हुए कहा कि चंद्रायान की सफल लैंडिंग में महिला वैज्ञानिकों का पूर्ण सहयोग रहा है। नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं उनमें महिलाओं की भागादारी और सशक्तिकरण ज्यादा से ज्यादा हो इसकी चिंता प्रधानमंत्री मोदी ने की है। भारत की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बनी है यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इकोनामिक ग्रोथ में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है।

---

# देश महाशक्ति बने, इसके लिए भाजपा समर्पित

- राव इंद्रजीत सिंह बोले, तीसरे कार्यक्राल के लिए विकास का रोडमेप तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने तीसरे कार्यकाल के विकास का रोडमैप तैयार कर लिया है। पांच साल तक विकास को रफ्तार को दोगुनी गति से आगे बढ़ाया जाएगा। मोदी पहले 100 दिन का एजेंडा तैयार करके बैठे हैं। सरकार गठन के बाद भाजपा एक दिन भी नहीं गंवाएं। एक-एक दिन, एक घड़ी विकसित भारत को समर्पित होगी। राव इंद्रजीत ने रविवार को गुडग़ांव और बादशाहपुर विधानसभा के गांव कन्हई, वजीराबाद, सेक्टर 56, सेक्टर 46 , बेगमपुर खटोला, हीरानगर बलदेव नगर ,4/8 मरला , अंबेडकर नगर, लक्ष्मण विहार शिवपुरी, अर्जुन नगर का तूफानी दौरा किया और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। दौरे के दौरान गांवों व सेक्टर और कॉलोनियों में राव इंद्रजीत का जगह-जगह स्वागत किया गया। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में कदम बढा दिया है। आने वाले पांच साल मे देश को तीसरी बड़ी महाशक्ति बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपने पहले दो कार्यकाल देश की आर्थिक उन्नति को समर्पित किए। 11वें नंबर से देश को पांचवीं बढ़ी आर्थिक महाशक्ति बनाया। अगले पांच साल में देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाते हुए तीसरी शक्ति के रूप में विकसित किया जाएगा। राव ने कहा कि अगर विपक्ष को विकास देखना है तो उन्हें द्वारका एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के सफर का आनंद लेकर देखें।

---

अपहरणकर्ताओं को नशे के इंजेक्शन उपलब्ध कराए थे

# अपहरण के बाद युवक की हत्या करने के मामले में अस्पताल का वार्डबॉय गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



थाना नन्दग्राम पुलिस टीम ने फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या के मामले में एक अस्पताल के वार्डबॉय को गिरफ्तार किया है।

इस वार्डबॉय ने अपहरण कर्ताओं को नशे के इंजेक्शन उपलब्ध कराए थे। एसीपी नंदग्राम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि देवेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्राम सिकरोड थाना नन्दग्राम गाजियाबाद ने पुलिस में सूचना दी थी कि मेरा बेटा योगेन्द्र शर्मा उम्र 25 एक मई शाम 7 बजे से कहीं गायब है और उसका मोबाइल नंबर भी लगातार बंद आ रहा है । सूचना पर थाना नन्दग्राम वादी की तहरीर पर गुमशुदगी पंजीकृत की गयी थी। मामले के खुलासे के लिए थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया था। घटना में शामिल एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पहले ही गिरफ्तार कर कर चुकी है।

मुखबिर की सूचना पर गुलधर मेट्रो स्टेशन के पास भट्टा नं. 5 रोड वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ईश्वरपाल ने बताया कि मैं मेरठ में एक प्राइवेट अस्पताल में वार्डबॉय का काम करता हूं। मेरा दोस्त रोहित भी पहले वहीं मेरे साथ काम करता था। अप्रैल माह में रोहित ने मुझसे कहा कि मुझे बेहोश करने वाले इंजेक्शन की जरुरत है, अगर तु मुझे इसे लाकर दे देगा तो मैं तुझे अच्छे पैसे दूंगा।

पैसों के लालच में आकर मैने बदनियती से यह इंजेक्शन रोहित को लाकर दिया था। रोहित व उसके भाई व रिश्तेदारों ने उस इंजेक्शन का गलत प्रयोग कर योगेन्द्र शर्मा की हत्या कर दी थी, जब मुझे इस बात का पता चला तो मैं घर से फरार हो गया था ।

---

# आपकी हाजिरी बता रही कि कांग्रेस जीतेगी: प्रताप

- कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ने एक दर्जन चुनावी सभाएं कर वोट देने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



**फरीदाबाद।** नीलम बाटा रोड स्थित वैश्य भवन में आयोजित चुनावी सभा में मंचासीन कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह, लखन सिंगला व अन्य।

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज रविवार को अपने चुनावी अभियान के तहत एक दर्जन चुनावी सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने छोटूराम पार्क सेक्टर-7, ईरोज चार्मवुड, दयालबाग, शिवदुर्गा विहार, नीलम बाटा रोड वैश्य भवन एसी नगर, आई ब्लॉक शिव दुर्गा विहार, सेक्टर-4, अनाज मंडी किसान भवन, सेक्टर.3 बल्लभगढ़, सेक्टर-11 छोटूराम पार्क, जवाहर कालोनी व ग्रीन फील्ड में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। लोगों ने उनका स्वागत किया गया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आपकी हाजरी और उत्साह बता रहा है कि इस बार आपने कांग्रेस को विजयी बनाने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां देहात क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में एकतरफा हवा चल निकली है वहीं शहरी क्षेत्र में भी लोगों के समर्थन से दिन-प्रतिदिन कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा है। यह चुनाव भ्रष्टाचार और ईमानदारी पर आकर खडा हो गया है और आप ईमानदारी को चुन रहे हैं जिसकी आवाज समूचे प्रदेश में जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में फरीदाबाद नंबर वन था। परन्तु आज भाजपा के कार्यकाल में फरीदाबाद फकीराबाद बनकर रह गया है। भाजपाई स्मार्ट सिटी बता रहे हैं, जबकि फरीदाबाद कूड़ा सिटी में तब्दील होती जा रही है। यहां प्रदूषण की समस्या भी विकराल रूप धारण कर रही है।

---

परिजनों ने लगाया पुलिस पर हत्या का आरोप

# पुलिस रेड के दौरान छत से गिरने पर इंजीनियर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सोहना एरिया में पुलिस की रेड के दौरान छत से गिरने पर मारुति कंपनी के एक इंजीनियर की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस के दबाव के चलते इंजीनियर ने यह कदम उठाया। शव का डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम किया गया है। वहीं परिजन पुलिस पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, सोहना की जावेद कॉलोनी में रहने वाला नजर मोहम्मद (50) मारुति में इंजीनियर था। उसके बेटे आमिर ने बताया कि



शनिवार देर रात मेवात सीआईए पुलिस की टीम उसके घर आई थी। पुलिस ने उनका दरवाजा खटखटाया। उन्होंने पुलिस स्टाफ से कहा कि कोई कोर्ट के आदेश या कागजात दिखाओ। आरोप है कि पुलिस ने कुछ भी दिखाने से इनकार कर दिया।

---

मंडल 41 वर्ष पुराना एक प्रमुख व्यापारिक संगठन

# डॉ. अतुल जैन तीसरी बार लोहा विक्रेता मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लोहा व्यापारी डॉ अतुल कुमार जैन तीसरी बार गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। उनकी पूरी टीम भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। संगठन गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल 41 वर्ष पुराना एक प्रमुख व्यापारिक संगठन है और इसकी स्थापना सन 1983 में की गई थी। इसके संस्थापक अध्यक्ष पूर्व महापौर डीसी गर्ग रहे उसके बाद जेडी जैन, बृजनंदन गुप्ता, आनंद प्रकाश, बृजमोहन सिंघल, और शिव शंकर राठी अध्यक्ष रह चुके हैं । वर्ष 2016 में अध्यक्षता की जिम्मेदारी अतुल



कुमार जैन को दी गई थी। इस तरह वर्ष 2016 में अतुल कुमार जैन अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए थे ।

वर्ष 2020 में 27 नवंबर को डिप्टी रजिस्ट्रार की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में अतुल कुमार जैन ने अपने प्रतिद्वंद्वी के ऊपर भारी बहुमत से जीत हासिल करके अध्यक्ष पद प्राप्त किया था और संपूर्ण टीम ने भी भारी बहुमत से जीत हासिल की थी। इस वर्ष 2024 में भी डॉ. जैन एक बार फिर तीसरी बार संस्था के अध्यक्ष निर्विरोध घोषित किए गए हैं।

मंडल के संविधान के अनुसार इस वर्ष मार्च माह में चुनाव कराने की घोषणा की गई थी और आम सभा द्वारा चुनाव समिति का गठन किया गया था, जिसमें जयकुमार गुप्ता मुख्य चुनाव अधिकारी अविनाश चंद्र चुनाव अधिकारी व महेश गुप्ता को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था । जिनके जिम्मे मंडल की कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर चुनाव संपन्न करने का प्रमुख दायित्व था।

---

आरोपियों से देसी कट्टा व लोहा सरिया, डंडा बरामद

# लूट की फिराक में घूम रहे 3 को अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने लूट की फिराक में घूम रहे तीन आरोपियों को काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों आरोपी एक-दूसरे के दोस्त हैं आरोपियों में सागर, भारत और विजय का नाम शामिल है। अपराध शाखा टीम एएसआई विनोद, मुख्य सिपाही, जगदीप, सिपाही अमन, मोहित, कुलदीप सिंह समय करीब रात्रि 10.30 बजे गस्त पर थी। इस



दौरान सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गांव फरीदपुर के एरिया से काबू किया गया है। मौके पर आरोपी भारत से देसी कट्टा में जिंदा व जिंदा राउंड, आरोपी विजय से सरिया आरोपी सागर से डंडा बरामद किया गया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना बीपीटीपी में लूट व अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपियों पर पूर्व में चोरी के 6 मुकदमे दर्ज हैं। इन मुकदमे में आरोपी जमानत पर हैं। आरोपी देसी कट्टे को मथुरा बस स्टैंड किसी अनजान व्यक्ति से करीब 2 महीने पहले 3000 रुपए में वारदात के समय लोगों में भय बनाने के लिए खरीद कर लाया था।

---

आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान व नकदी बरामद

बातों में उलझाकर महिला के सोने के टॉप्स किए थे चोरी

# लोहे की 7 प्लेट चोरी करने वाले 3 को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी के अन्य मामले को भी सुलझा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा 65 प्रभारी तरुण की टीम ने एक सप्ताह पहले चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों से चोरी का एक अन्य मामला सुलझाया है।

पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अबताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूरज, अमन तथा सुनील का नाम शामिल है। तीनों आरोपी मेवला महाराजपुर गांव के रहने वाले हैं और आपस में भाई हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने कुछ दिन पहले तीनों आरोपियों को चोरी के एक मामले में चोरी का सामान बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपियों को बल्लभगढ़ अनाज मंडी से गिरफ्तार किया था।

आरोपियों में सूरज, अमन तथा सुनील शामिल हैं। पुलिस के अनुसार तीनों आपस में भाई हैं।



आरोपियों ने मेवला महाराजपुर सरकारी स्कूल के पास से फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए प्रगति कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रखी गई लोहे की 70 किलोग्राम वजनी 7 प्लेट चोरी की थी जिनका कुल वजन करीब 500 किलोग्राम था और उनकी कीमत करीब 65 हजार रुपए थी।

आरोपियों के कब्जे से चोरी का सारा सामान और वारदात में प्रयोग ऑटो बरामद किया गया। आरोपियों से मामले में गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने सेक्टर 58 एरिया में दिसंबर 2023 में एक महिला के साथ की गई वारदात के बारे में खुलासा किया। आरोपियों को इस मामले में प्रोटक्शन पर लेकर पुलिस पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों बताया कि उन्होंने एक महिला को काफी देर तक बातों में उलझाकर उसके कान के टॉप्स गुमराह कर उतार लिए।

इसके बाद उसे बेचकर उनके हिस्से में करीब 7 हजार रुपए एक के हिस्से में आए जिनमें से 2200 पुलिस ने बरामद किए तथा बाकी के पैसे आरोपियों ने खर्च कर दिए। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 14 लोस क्षेत्रों में आज सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** यूपी की 14 लोकसभा क्षेत्रों में सोमवार को सार्वजनिक अवकाश होगा। यह वह जिले हैं



जहां 20 मई को वोट पड़ने हैं। अलग जिलों के जिलाधिकारियों ने इसकी घोषणा की। अवकाश के साथ-साथ शराब की दुकानें भी बंद रहेंगी। इन 14 लोकसभा क्षेत्रों में शराब की बिक्री 18 मई शाम 6 बजे से बंद हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम डॉ. सूर्यपाल गंगवार ने लखनऊ में 20 मई को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कहा कि जिले की सभी दुकानें, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान व कारखाने पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

### झारखंड में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा

**रांची।** लोकसभा चुनावों के बीच भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। झारखंड के प्रदेश



प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। षाड़ंगी ने पार्टी नेताओं पर अपमानित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर पार्टी के शीर्ष नेताओं को कई बार सूचना दी गई, लेकिन इस मामले पर किसी तरह का एक्शन नहीं लिया गया। इससे आहत होकर षाड़ंगी ने प्रदेश प्रवक्ता पद से इस्तीफा देते हुए पार्टी पर कई आरोप लगाए हैं। षाड़ंगी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि इस्तीफा मंजूर या नहीं।

### योगी का कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश पर निशाना

# फूलपुर से बैरंग गई दो लड़कों की जोड़ी पहले भी खारिज कर चुकी यहां की जनता

सीएम योगी ने कहा कि जो दलित, पिछड़ों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने थे। उनको मिट्टी में मिला दिया गया है। अब देश खुश है। सपा वालों को देश की नहीं अपनी राजनीति की चिंता है। उनके काले कारनामे से आप परिचित ही होंगे।

प्रयागराज ▶▶ आजमगढ़

फूलपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में सिकंदरा रौजा में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह धरती इतिहास बनाने वाली है। एक बार फिर फूलपुर में इतिहास बनेगा। उन्होंने कहा कि अभी-अभी पता चला है कि दो लड़कों की जोड़ी बैरंग गई है। 2017 और 2019 में दो लड़कों की जोड़ी को फूलपुर की जनता खारिज कर चुकी है।

**खास बातें**

- 60 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा का कार्ड बनवाया
- 10 करोड़ लोगों को रसोई गैस सिलेंडर कनेक्शन दिया



**सपा को देश की नहीं अपनी राजनीति की चिंता**

*सीएम ने कहा कि जो दलित, पिछड़ों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने थे। उनको मिट्टी में मिला दिया गया है। अब देश खुश है। सपा वालों को देश की नहीं अपनी राजनीति की चिंता है। उनके काले कारनामे से आप परिचित ही होंगे। उन्होंने कहा कि फूलपुर के एक मौर्या परिवार की जमीन माफिया ने कब्जा कर ली थी। भाजपा सरकार में उसकी जमीन दिलवाई गई और माफिया को मिट्टी मिला दिया गया।*

### दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी

दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। भारत अब सुरक्षित है। पूर्व की सरकार में गरीबों का राशन सपा के गुंडे हड़पते थे। अब देश की 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन मिल रहा है। 60 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा का कार्ड बनवा दिया गया है। 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय बनवाए गए। 10 करोड़ लोगों को रसोई गैस सिलेंडर कनेक्शन दिया गया। सरकार ने माफिया को मिट्टी में मिलने का काम किया है। उन्होंने प्रवीण पटेल के लिए वोट देने की अपील की है। समर्थकों से कहा कि अगले पांच दिन में सभी को दो काम करने होंगे। जो न दर्शन किए हो उनको अब यहां की विधायक चुनाव बाद राम मंदिर का दर्शन करवाएंगे।

### पहले रामभक्तों पर चलती गोलियां, अब होती आवभगत

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, मगर अबअयोध्या में राम भक्तों की आवभगत होती है। दरअसल सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेहनगर में आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल 'निरहुआ' और जौनपुर में भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में आयोजित अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। योगी ने कहा कि आप देश में कहीं भी चले जाइए, समाजवादी पार्टी के नेता को हर व्यक्ति शक की निगाह से देखता है और लोग मानते हैं कि ये शरीफ तो नहीं होगा, जरूर कोई गुंडा बदमाश होगा।

### लालू पर नीतीश ने फिर किया कटाक्ष

# पहले बेटों को मंत्री बनाया अब बेटियों को सेटल करेंगे

गोपालगंज में जदयू प्रत्याशी डॉ. आलोक कुमार सुमन के पक्ष में चुनावी सभा



एजेंसी ▶▶ गोपालगंज

नीतीश कुमार ने गोपालगंज के कुचायकोट में जदयू प्रत्याशी डॉ. आलोक कुमार सुमन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने इंडी गठबंधन के घटक दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपने संबोधन में पिछले 19 वर्षों में बिहार की दशा और दिशा बदलने का दावा किया। बकौल नीतीश, जब उन्होंने बिहार की सत्ता संभाली थी तो बिहार में समस्याओं का अंबार था। आधारभूत संरचनाओं से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा सभी को लेकर सरकार ने काम करना शुरू किया। नीतीश ने कहा कि जो काम एनडीए की सरकार ने बिहार में शुरू किया, उन योजनाओं और कार्यों को बाद में दूसरे प्रदेशों और देश के दूसरे हिस्सों में भी लागू किया गया।

**साल के अंत तक 10 लाख नौकरी का वादा होगा पूरा**

*नीतीश ने कहा कि एनडीए की सरकार का गठन होने पर वर्ष 2020 में ही मैंने घोषणा की थी कि अपने कार्यकाल में 10 लाख को रोजगार व सरकारी नौकरी दूंगा। अब तक 6 लाख से अधिक लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध करा दिया है। इस वर्ष के अंत तक 10 लाख को नौकरी तथा रोजगार देने के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, कुछ लोग चुनाव में राजग को बहुमत मिलने पर संविधान बदलने व आरक्षण समाप्त कर देने का झूठा प्रचार कर रहे हैं।*

### लालू-राबड़ी के शासनकाल को दिलाया याद

मुख्यमंत्री ने लालू-राबड़ी के शासनकाल को याद दिलाते हुए कहा कि 2005 के पहले के बिहार और 2005 के बाद के बिहार में स्पष्ट फर्क देखा जा सकता है। पुराने लोगों ने वह दौर देखा है जब शाम होने के बाद लोग सड़कों पर नहीं निकलते थे। विपक्षी पार्टी राजद पर हमला करते हुए कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपने बाद अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया। बेटों को मंत्री बनाया और अब बेटियों को राजनीति में लाकर पूरे परिवार को सेटल करना चाहते हैं। मेरे लिए पूरा बिहार ही मेरा परिवार है।

## पेज एक का शेष

### चुनाव के 5वें चरण...

उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति 3 और अनुसूचित जाति की 7 सीटें हैं। ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों में सामान्य श्रेणी की 21, अनुसूचित जनजाति के लिए 8 और अनुसूचित जाति की 6 सीटें हैं। अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है।

### लूटा हुआ धन...

गांवों की स्थिति 18वीं सदी जैसी थी। उन्होंने कहा कि मोदी ने 52 करोड़ लोगों को जनधन खाते, 4 करोड़ लोगों को पक्के घर, 18,000 गांवों को बिजली के साथ नल का साफ पानी, आधुनिक रेलवे और बुनियादी ढांचा दुरुस्त करने का काम किया। पीएम ने यह भी आरोप लगाया कि झारखंड सरकार पूर्वी सिंहभूम में प्रस्तावित धालभूमगढ़ हवाई अड्डे के रास्ते में बाधाएं पैदा कर रही है।

### आईफोन के लॉक

नहीं खोला है। उसमें लेन-देन के कई राज छिपे हैं।

**12 से ज्यादा टीमों ने 6 ठिकानों पर कार्रवाई की:** हरमिलाप ट्रेडर्स, बीके शूज और मंशु फुटवियर पर आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। इन्वेस्टिगेशन विंग ने आगरा, लखनऊ, कानपुर के कर्मचारियों के साथ इन कारोबारियों के छह ठिकानों पर कार्रवाई की। इनमें बीके शूज के एमजी रोड स्थित प्रतिष्ठान और सूर्य नगर स्थित घर की तलाशी ली गई। जूते की ट्रेडिंग कर रही मंशु फुटवियर और बीके शूज के मालिक रिश्तेदार हैं और बीते कुछ वर्षों में ही बाजार में बड़ा नाम बन गए हैं। हरमिलाप ट्रेडर्स का शू मैटेरियल का काम है। इन्वेस्टिगेशन विंग की 12 से ज्यादा टीमों ने यह कार्रवाई की। कारोबारियों के पास से भारी मात्रा में जमीन में निवेश, सोने की खरीद की जानकारी भी मिली है। इनर रिंग रोड के पास कारोबारियों ने बड़ा निवेश किया है।

### नए आपराधिक ...

हो जाएगा। ये कानून देश के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। सुप्रीम कोर्ट में तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ वकील विशाल तिवारी ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि नए आपराधिक कानूनों को लागू करने से रोक की मांग की गई है। आरोप है कि इन कानूनों पर संसद में बहस नहीं हुई और जब विपक्षी सांसद निलंबित थे, तब इन कानूनों को संसद से पास करा लिया गया था। याचिका में मांग की गई है कि विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए, जो आपराधिक कानूनों की व्यावहारिकता की जांच करे। पुराने कानूनों में किसी व्यक्ति को 15 दिनों तक पुलिस हिरासत में रखने का प्रावधान है, लेकिन नए कानूनों में यह सीमा बढ़ाकर 90 दिन कर दी गई है।

### ईरान के राष्ट्रपति

हेलिकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देना लगभग असंभव है। हालांकि, सड़क के रास्ते 20-40 टीम को घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया है। इनमें ईरान की स्पेशल फोर्सेज आइआरजीसी के सदस्य समेत रेंजर्स शामिल हैं। इनके पास छानबीन के लिए ड्रोन्स और सर्च डॉग्स भी लगाए गए हैं। रईसी के काफिले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक उसमें कुल तीन हेलीकॉप्टर थे। ईरानी न्यूज एजेंसियों के मुताबिक राष्ट्रपति रईसी पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन परेशानी की बात यह है कि अभी तक उनसे रेस्क्यू टीम का संपर्क नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे और यह हादसा ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर दूर अजरबैजान की सीमा के पास स्थिति जोल्फा इलाके के पास हुआ है।

### वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी बोले

# धर्म की राजनीति करने वालों को सत्ता से हटाने की जरूरत



एजेंसी ▶▶ पटना

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। राजद के नेता तेजस्वी यादव के साथ सारण में चुनावी सभा के दौरान सहनी ने ये बातें कहीं। जो नेता धर्म की राजनीति करते हैं, उन्हें हटाने की जरूरत उन्होंने कहा कि ये लोग सिर्फ समाज को तोड़ने का काम करते है। ये रोजगार या महंगाई की नहीं बल्कि हिंदू - मुस्लिम, मंदिर - मस्जिद की बात करते है । यूपी के सीएम हो या असम के सीएम हो वे भी यहां आकर लड़ाने की बात करते हैं।

सहनी ने कहा कि जो नेता धर्म की राजनीति करते हैं, उन्हें हटाने की जरूरत है। ये इसी नाम पर समाज को तोड़ते हैं, इन्हें जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। यही संविधान है, जिसने हमें अधिकार दिया है। महागठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री चुनने के लिए है। आज जो सरकार है वह नहीं चाहती है कि गरीब और पिछड़े आगे बढ़े और सम्मान के साथ जिंदगी जिए।

सहनी ने कहा कि सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में देकर आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने लोगों को एकजुट होकर महागठबंधन की लालू प्रसाद की विचारधारा वाली सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि हमे ऐसी सरकार चाहिए जो गरीबों को अधिकार दे और गरीबों का कल्याण करें।

# 5वें चरण की वोटिंग से पहले भारत-नेपाल सीमा 72 घंटे सील

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 20 मई को बिहार के पांच लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होने वाले हैं। इस फेज में सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, हाजीपुर सारण और लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल सीमा को 72 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। सोमवार को मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में सभी जगह मतदान है। इसके मद्देनजर बॉर्डर पर एसएसबी जवानों ने चौकसी बढ़ा दी है। 48वीं वाहिनी के एओआर जोन में जयनगर के बेतौनहा से मधवापुर सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।


TATHASTU Sector 35

लाइसेंस संख्या 131 वर्ष 2023 दिनांक-23.06.2023

हरेरा पंजीकरण संख्या -RC/REP/HARERA/GGM/764/496/2023/108 दिनांक: 04.12.2023

**सूचना**

"तथास्तु 35" अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट सेक्टर-35 सोहना, हरियाणा के सभी सफल आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सफल आवेदकों ने अपने आवंटित फ्लैट की आवंटन राशि का भुगतान नियत तिथि तक नही किया है, जिसकी सूचना उन्हें स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी दी जा चुकी है। अतः निम्नलिखित आवेदकों और आवंटियों को इस समाचार पत्र के माध्यम से पुनः अनुरोध किया जाता है कि अपनी आवंटन राशि / किस्त राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से अगले 7 दिन के अंदर कर दें। अन्यथा उनका आवंटन रद्द माना जायेगा व जो फ्लैट इनको आवंटित थे उनको रद्द कर पुनः आवंटन की प्रकिया के लिए नियमानुसार (हरियाणा अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013) अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।

| S. no. | Application no. | Applicant Name | S. no. | Application no. | Applicant Name | S. no. | Application no. | Applicant Name |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 123729 | Mrs. MEGHA BAJAJ | 22 | 128895 | Mr. GAURAV KATARIA | 41 | 126184 | Ms. ARCHANA JANGRA |
| 2 | 124369 | Mrs. SUMAN | 23 | 124449 | Mr. YOGENDER SHARMA | 42 | 124150 | Mr. MUKESH KUMAR |
| 3 | 123927 | Mrs. PEARL BATRA | 24 | 124213 | Mr. ANIL GOYAL | 43 | 126526 | Mr. VIKRANT CHAUDHARY |
| 4 | 126772 | Mr. PREM TALWAR | 25 | 124696 | Mrs. SUNITA DEVI | 44 | 126186 | Mr. AVDHESH KUMAR |
| 5 | 129445 | Ms. RANJANA | 26 | 124038 | Mrs. YOGITA YASHVEER RAGHAV | 45 | 127186 | Ms. JYOTI TIWARI |
| 6 | 123380 | Mr. HARISH KUMAR SANDUJA | 27 | 125335 | Mr. MONU YADAV | 46 | 124389 | Mrs. SRISHTI SINGH |
| 7 | 123550 | Mr. RAHUL | 28 | 124865 | Mrs. DEEPIKA SAHEWAL | 47 | 124040 | Mrs. TANYA JOHRI |
| 8 | 125628 | Mr. MANISH CHOPRA | 29 | 126283 | Mr. ABHISHEK KUMAR | 48 | 123373 | Mr. ATUL |
| 9 | 125372 | Mr. PAWAN KUMAR | 30 | 124080 | Mr. PRAVEEN KUMAR RAGHAV | 49 | 124802 | Mr. SACHIN |
| 10 | 121029 | Mrs. SHALINI SABHARWAL | 31 | 123599 | Mr. AMIT KUMAR | | | |
| 11 | 124070 | Mr. ANKUR KUMAR | 32 | 125924 | Mrs. HARLENE KAUR SHAHPURI | | | |
| 12 | 126891 | Mr. ANKIT TALWAR | 33 | 122465 | Mr. SHUBHAM RAY | | | |
| 13 | 128057 | Mr. ARUN PANCHAL | 34 | 123700 | Mr. NARENDER RAGHAV | | | |
| 14 | 129222 | Mr. HARMEET SINGH | 35 | 121777 | Mrs. KUMARI POOJA | | | |
| 15 | 125022 | Mrs. SHEETAL | 36 | 124441 | Mr. AMIT RAGHAV | | | |
| 16 | 126524 | Mr. AAMIR KHAN | 37 | 126438 | Mr. SIDHARTH | | | |
| 17 | 124266 | Mrs. REENA | 38 | 125705 | Mrs. POONAM | | | |
| 18 | 124328 | Ms. PARKHI | 39 | 123942 | Mr. NITIN UPPAL | | | |
| 19 | 125066 | Ms. NEETU RANI | 40 | 125959 | Mr. ANKIT KISHORE | | | |
| 20 | 125025 | Mr. HIMMAT SINGH | | | | | | |
| 21 | 122722 | Mr. RAJESH KUMAR | | | | | | |

**तथास्तु रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड**

वाटिका टावर्स, ब्लॉक-बी, दसवीं मंजिल, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 54 ,गुरुग्राम

कॉल करें: +91 999 065 0650 | विजिट करें: www.tathastu.co







*बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कियारा आडवाणी इन दिनों कॉन्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपना जलवा बिखेर रही हैं। सोशल मीडिया पर कियारा की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आज अभिनेत्री रेड सी फिल्म फाउंडेशन के के गाला डिनर में शामिल हुईं। कान 2024 में पहली बार कियारा आडवाणी भाग ले रही हैं।*

# कॉन्स में जलवा बिखेर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा कॉन्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन काफी खुश नजर आ रही हैं। वहीं आज अभिनेत्री 'वीमेन इन सिनेमा' के गाला डिनर में शामिल हुईं। इस दौरान वे गुलाबी रंग के गाउन में नजर आईं। पैपराजी से बातें करते हुए कियारा आडवाणी ने कहा, 'यह मेरे लिए बेहद खास क्षण है। इस साल बॉलीवुड में मेरे करियर के दस साल पूरे होने जा रहे हैं और इसी साल मैं पहली बार कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई हूं। यह मेरे लिए गर्व की बात है'।

## शाइनी गाउन में ढाया कहर



दो बार ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली एमा स्टोन कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में काइंड्स ऑफ काइंडनेस के प्रीमियर में पहुंचीं, जो पुअर थिंग्स के राइटर और निर्देशक योर्गोस लैंथिमोस के साथ उनकी तीसरी फिल्म है। उन्होंने बरगंडी कलर की शाइनी गाउन में रेड कार्पेट पर उतरते ही लोगों की अटेंशन अपने नाम कर ली। उन्हें देखने के बाद शायद आप ऐश्वर्या राय का लुक भी भूल जाए यहां तक कि एक्ट्रेस की क्यूटनेस के आगे आलिया भट्टा भी कुछ नहीं लगेंगी। यकीन नहीं आता तो खुद ही देख लीजिए।



## सेलेना को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

वोग मैगजीन ने बताया कि सेलेना गोमेज और उनके को-स्टार्स को उनकी फिल्म 'एमिलिया पेरेज' के लिए 9 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इसके बाद सेलेना ने रेड कार्पेट पर भी धूम मचाई। मालूम हो कि सेलेना टैलेंट की खान हैं। सिंगर होने के साथ-साथ वो सॉन्ग राइटर, एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और बिजनेसवुमेन भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## पहली बार बिना वेडिंग रिंग के दिखे

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार बेन एफ्लेक इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि बेन एफ्लेक और उनकी सुपर स्टार सिंगर पत्नी जेनिफर लोपेज के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों पिछले एक महीने से अलग घरों में रह रहे हैं। वहीं हाल में बेन एफ्लेक ने कुछ ऐसा किया है जिससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि बेन और जेन के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज की जोड़ी हॉलीवुड के मशहूर जोड़ियों में से एक हैं।



## हैली ने क्रॉप टॉप में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन फेमस सिंगर जस्टिन बीबर और हैली बीबर ने बीते दिनों कुछ फोटोज शेयर कर फैंस को बताया था कि वह जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। ऐसे सोशल मीडिया पर इस कपल के चाहने वालों ने इन्हें ढेर सारी बधाइयां भी दी। इस खबर के बाद ने हैली अपनी प्रेगनेंसी को काफी एन्जॉय कर रही हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ फोटो शेयर की थी, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही थी। वहीं अब एक बार फिर इस कपल को डेट नाइट पर स्पॉट किया गया। देर रात हैली बीबर और उनकी पति जस्टिन को साथ एक डेट नाइट पर स्पॉट किया गया। इस मौके पर हैली अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आई।



## 'चंदू चैंपियन' के ट्रेलर की हुईं मुरीद...

**मुंबई।** कबीर खान निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' का ट्रेलर 18 मई को लॉन्च कर दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फिल्म के मुख्य अभिनेता कार्तिक आर्यन के गृहनगर ग्वालियर में किया गया। एक तरफ, जहां दर्शक अभिनेता से आश्चर्यचकित थे। वहीं बी-टाउन दिवा कैटरीना कैफ भी इससे काफी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने निर्देशक की प्रशंसा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और बड़े पर्दे पर फिल्म देखने के लिए उत्साह व्यक्त किया है। कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन का ट्रेलर देखने वाले लोगों में बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी शामिल थीं। वह इस ट्रेलर से इतनी प्रभावित हुईं कि बिना किसी देरी के उन्होंने निर्देशक कबीर खान के लिए एक सराहना पोस्ट कर कर दिया।



## 'विश्वंभरा' की शूटिंग पूरा करने की तैयारी में

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर अपडेट सामने आया है, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया। 'विश्वंभरा' की शूटिंग तेजी से चल रही है। चिरंजीवी और अन्य कलाकारों के साथ एक्शन सीन्स बड़े पैमाने पर शूट किए जा रहे हैं। वहीं अब फिल्म को लेकर ताजा खबर है कि निर्माता जल्द ही इसकी शूटिंग पूरी करने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म विश्वंभरा की पूरी शूटिंग जून के अंत तक खत्म हो जाएगी। निर्माता बचे हुए हिस्सों को नए शेड्यूल के साथ पूरा करने की योजना बना रहे हैं, जो काफी लंबा बताया जा रहा है।

## टीवी मसाला




## 'खतरों के खिलाड़ी 14' से बाहर हुए समर्थ जुरेल

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी' का सीजन 14 जल्द ही शुरू होने वाला है। हर बार की तरह इस बार भी शो के प्रतिभागी खतरनाक स्टंट करने के लिए तैयार है। लोग इस शो को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही इस नए सीजन के प्रतिभागियों का एलान किया गया था। इसी बीच शो के एक प्रतिभागी को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के 14वें सीजन में दर्शकों को समर्थ जुरेल के स्टंट देखने को नहीं मिलेंगे। दरअसल, उनके घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से उन्होंने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। उनके चाहने वालों के लिए निश्चित तौर पर यह एक बुरी खबर है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शो के बाकी प्रतिभागी 22 मई को मुंबई से रोमानिया के लिए रवाना होंगे।

## कानूनी विवाद के बाद बदलेगा रणबीर की फिल्म का नाम

**मुंबई।** अल्लू मंटेना मीडिया वेंचर्स एलएलपी की 'प्रोजेक्ट रामायण' नाम से शुरू हुई कोशिशों पर बन रही फिल्म 'रामायण' का अब नाम बदल सकता है। फिल्म का सारा कारोबार इन दिनों प्राइम फोकस और उनके साथ



फिल्म से निर्माता के तौर पर जुडे अभिनेता यश संभाल रहे हैं। फिल्म से इसके शुरुआती निर्माता मधु मंटेना और अल्लू अरविंद हाथ खींच चुके हैं। फिल्म की शूटिंग बंद है और इसके नए निर्माता फिल्म के लिए देश-विदेश में नए निवेशक तलाश रहे हैं। निर्माता मधु मंटेना ने नितेश तिवारी के साथ मिलकर फिल्म 'रामायण' पर साल 2019 में काम शुरू किया था। तब ये फिल्म तीन हिस्सों में बननी थी, पार्ट वन का काम तभी शुरू हो गया था लेकिन फिल्म के लिए निवेशक न मिलने के चलते ये फिल्म अब तक आधिकारिक रूप से शुरू नहीं हो सकी है। फिल्म के लुक टेस्ट के लिए खींची गई तस्वीरों और वीडियो को फिल्म की शूटिंग शुरू होने के नाम पर खूब प्रचारित किया जा रहा है।

## आमिर की जगह सलमान बनने वाले थे 'गजनी'

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'गजनी' हिंदी की पहली वो फिल्म थी, जिसने सौ करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'गजनी' में प्रदीप रावत ने विलेन की भूमिका अदा की थी। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि फिल्म के निर्देशक एआर मुरुगादॉस पहले सलमान खान को फिल्म में कास्ट करना चाहते थे। प्रदीप रावत ने सलमान को कास्ट करने के मसले पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि सलमान खान को 'गजनी' में लेना सही फैसला होता। उनका कहना था कि सलमान खान को जल्दी गुस्सा आ जाता हैं। प्रदीप रावत 'सरफरोश' फिल्म में आमिर खान के साथ काम कर चुके थे। अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने बताया कि आमिर खान स्वभाव से शांत हैं। वो सभी से अच्छा व्यवहार करते हैं और उन्हें फिल्म में लेना सही होगा। प्रदीप ने याद करते हुए बताया कि उन्होंने 25 सालों में कभी भी आमिर खान को किसी पर चिल्लाते हुए नहीं देखा और न ही किसी का अपमान या फिर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए नहीं देखा।



## दिवाली पर सिनेमाघरों में धमाका करेगी सूर्या की 'कंगुवा'



*मुंबई। दक्षिण भारतीय अभिनेता की फिल्म 'कंगुवा' का प्रशंसक बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। अपने निर्माण और स्टार कास्ट को लेकर यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को इस साल दिवाली पर रिलीज करने के लिए निर्माता विचार कर रहे हैं। साल 2022 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी गई थी। अब फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी के साथ हो रहा है। बताया जा रहा है कि 'कंगुवा' के पोस्ट प्रोडक्शन का आखिरी भाग अभी बचा हुआ है। शुरुआत में निर्माताओं ने बताया था कि इस साल गर्मी के मौसम में फिल्म सिनेमाघरों में आ जाएगी, लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन का काम टल जाने के कारण फिल्म की रिलीज में देरी हो गई। हालांकि, फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा अभी बाकी है।*

## अनुष्का शेट्टी प्रभास नहीं, कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से करेंगी शादी!



**मुंबई।** 'बाहुबली' की देवसेना यानी अनुष्का शेट्टी को लेकर जो खबर आई है, उससे फैंस को झटका लग सकता है। खासकर, उन फैंस को जो प्रभास के साथ उनकी शादी का सपना देख रहे हैं। दरअसल, ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि अनुष्का शेट्टी एक्टर प्रभास से नहीं बल्कि एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करने वाली हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अनुष्का शेट्टी की प्रोड्यूसर से सगाई भी हो चुकी है। शादी इस साल के आखिर तक हो जाएगी। यह खबर वाकई प्रभास-अनुष्का के फैंस का दिल तोड़ने वाली है। अब तक फैंस को लग रहा था कि अनुष्का शेट्टी, प्रभास को डेट कर रही हैं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं और कई फिल्मों में साथ काम किया। 'बाहुबली' सीरीज में प्रभास और अनुष्का की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था, और उसी के बाद से उनकी डेटिंग की खबरें आने लगी थीं। यहां तक कि उनकी शादी की भी चर्चा होने लगी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुष्का शर्मा की एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर के साथ सगाई हो चुकी है, और दोनों की इस साल के आखिर तक शादी हो जाएगी। लेकिन अभी तक इसे लेकर एक्ट्रेस या उनके परिवार की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस प्रोड्यूसर से अनुष्का की शादी होने वाली है, उसकी उम्र 42 साल है और अनुष्का शेट्टी भी 42 साल की हैं। वहीं, प्रभास और अनुष्का की बात करें तो दोनों की जोड़ी तो तेलुगू सिनेमा की हिट जोड़ी माना जाता है। फैंस रियल लाइफ में भी इस जोड़ी को हमेशा से साथ देखना चाहते थे।

## बिग बी को समझ नहीं आया था 'सरकार' का 'गोविंदा' गाना

**मुंबई।** सिनेमा प्रेमियों के बीच राम गोपाल वर्मा की पहचान 'सत्या' और 'सरकार' फिल्म से है। ये दोनों राम गोपाल वर्मा के करियर की सबसे शानदार फिल्में है। अक्सर किसी न किसी बातचीत में राम गोपाल से इन फिल्मों को लेकर सवाल पूछ लिया जाता है। हाल ही में, उन्होंने एक बार फिर से 'सरकार' फिल्म से जुड़े कुछ किस्से साझा किए हैं। राम गोपाल वर्मा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक साक्षात्कार अपलोड किया है, जिसमें उन्होंने 'सरकार' फिल्म पर बातचीत की है। राम गोपाल वर्मा ने कहा कि जब अमिताभ बच्चन ने 'गोविंदा गोविंदा' गाने को सुना था तो उन्हें यह समझ ही नहीं आया था। रामू ने बिग बी को बताया कि 'गोविंदा गोविंदा' भगवान कृष्ण के संदर्भ में इस्तेमाल किया गया है। फिल्म में अमिताभ का किरदार कुछ जोड़-तोड़ करने वाला है। वो भी कृष्ण की तरह ही शक्तिशाली हैं। इसलिए इस शब्द को एक प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल करने का फैसला लिया है।



# मोदी भ्रष्टाचारियों की गाड़ी, बंगला सब बिकवा देगा, टीएमसी और कांग्रेस की सोच विकास की नहीं परिवारवाद, भ्रष्टाचार पर आधारित

एजेंसी ⏭ विष्णुपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर नेता चुनाव प्रचार जोर से कर रहे हैं। पीएम मोदी ने विष्णुपुर में एक चुनावी जनसभा में कहा कि बंगाल में लोग रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। टीएमसी और कांग्रेस की सोच विकास या रोजगार की नहीं है। ये पार्टियां परिवारवाद, भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं।टीएमसी ने पैसे कमाने की भूख में आपके बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। यहां शिक्षक भर्ती घोटाले ने युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। गरीब मां-बाप ने घर-जमीन बेचकर, कर्ज लेकर इनके मंत्रियों को घूस दी। आज वे सारे नौजवान सड़कों पर हैं। मैं आप सबको गारंटी देता हूं, इन्होंने आपके घर बिकवाए हैं, मोदी टीएमसी के भ्रष्टाचारियों के बंगले, उनकी गाड़ियां, ये सब कुछ बिकवाकर रहने वाला है।

**इंडी गठबंधन पर साधा निशाना**

## पश्चिम बंगाल के विष्णुपुर में पीएम मोदी की जनसभा





### मुझे अपने लिए कुछ नहीं करना

पीएम ने कहा कि उन्हें अपने लिए कुछ नहीं चाहिए। उन्हें अपने भतीजे या भाई के लिए कुछ नहीं करना है। आपके सपने ही मोदी का संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें गरीब आदिवासी बच्चों के लिए विकसित भारत विरासत के रूप में छोड़कर जाना है। मोदी ने कहा कि चाहे टीएमसी हो, लेफ्ट हो या कांग्रेस हो यह तीन अलग-अलग पार्टियां दिखती हैं, लेकिन इन सबके पाप एक जैसे ही हैं इसलिए इन्होंने मिलकर इंडी गठबंधन बनाया है। इन्होंने सिर्फ नारे दिए हैं।

### शाहजहां को बचाने टीएमसी संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रही

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में पुरुलिया में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीएमसी वाले शाहजहां शेख को बचाने के लिए संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रहे हैं। टीएमसी ये कह कर सत्ता में आई थी कि वह मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी। आज टीएमसी मां, माटी, मानुष का ही भक्षण कर रही है।

**कांग्रेस और झामुमो ने केवल राज्य व देश को लूटा**

उधर, पीएम मोदी ने झामुमो पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। पीएम ने कहा कांग्रेस और झामुमो ने झारखंड को बस लूटा है। वहां लूट के सिवाय कुछ नहीं है। मंत्रियों और नौकरों के यहां नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सबको यह कह रहे कि रायबरेली उनकी मम्मी की सीट है।

### आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं

पीएम ने भाजपा उम्मीदवार ज्योतिर्मय सिंह महतो के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार शिक्षा में भी चोरी करती है। इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, ये लोग चला चुके हैं। इनकी हर साजिश नाकाम साबित हुई है। मैं आज यहां आपसे सिर्फ वोट मांगने नहीं आया, बल्कि मैं आप सबसे आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं। मुझे विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के लिए आपका आशीर्वाद चाहिए। ईडी गठबंधन के लोग घुसपैठिए को बढ़ावा देते हैं। वोट बैंक को खुश करने के लिए सीएए का विरोध करते हैं। कर्नाटक में ओबीसी कोटे का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया।

### ममता संतों का अपमान कर रहीं

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में सूपड़ा साफ होता देखकर टीएमसी बखौला गई हैं। मानवता की सेवा करने वाली सनातन समाज को गाली देना शुरू कर दिया है। यहां की मुख्यमंत्री मुस्लिम कट्टरपंथियों के दवाब में वोट पाने के लिए हमारे संतों को, हमारे महान संगठनों को सार्वजनिक रूप से गालियां दे रही हैं। बदनाम कर रही हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री ने जौनपुर में कहा

## आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता, देश का फिर बंटवारा असंभव

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में फिर कहा कि आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। कांग्रेस झूठ फैला रही है कि मोदी आएंगे तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने कहा 10 वर्षों से मोदी के पास बहुमत है, लेकिन इसका इस्तेमाल आरक्षण को हटाने के लिए नहीं किया। कांग्रेस नेता कहते हैं कि देश को दो टुकड़े में बांटना चाहिए। अब देश का बंटवारा असंभव है।



### वे परमाणु हथियारों को खत्म कर देंगे

शाह ने मेजा के सोरांव में चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन पर तीखा हमला किया। शाह ने इंडी गठबंधन पर धारा 370 की वापसी की मंशा रखने, पाकिस्तान को सम्मान देने और परमाणु हथियारों को नष्ट करने का एजेंडा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक महान भारत की रचना का है। सुरक्षित और सशक्त भारत बनाने का है।

**ओडिशा में राजनाथ ने किया वादा**

### बीजद सरकार चाबियां खो दी भाजपा खुलवाएगी रत्न भंडार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ओडिशा के संबलपुर में एक जनसभा बीजद सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने रत्न भंडार की चाबियां खो दी। भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रभु जगन्नाथ के रत्न भंडार के द्वार खुलवाए जाएंगे। पीएम भी यह वादा कर चुके हैं। सिंह ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह सभी देश से गरीबी को हटाने में विफल रहे, लेकिन मोदी ने गरीबों की परेशानियों को समझा व दूर किया।



**राहुल-अखिलेश की सभा में मची भगदड़**



### कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर घुसे और किया हंगामा, कई घायल

प्रयागराज में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में हंगामा हुआ है। जनसभा में भगदड़ मच गई है। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए हैं। कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। पड़िला महादेव फाफामऊ में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। राहुल और अखिलेशको देखने के लिए भीड़ काबू हो गई। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए। कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। इसके बाद राहुल और अखिलेश हो गए। कार्यकर्ताओं की इस हरकत से नाराज होकर दोनों नेता बिना कुछ बोले ही चले गए।

**अधीर को खरगे की चेतावनी से नाराजगी**

### खरगे की तस्वीरों पर पोती स्याही



कोलकाता। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी के बीच टीएमसी के साथ पार्टी के संबंधों को लेकर विवाद के बीच कोलकाता में प्रदेश कांग्रेस भवन में खरगे की तस्वीरों पर काली स्याही पोत दी गई। कोलकाता में विधान भवन के सामने कांग्रेस के कई होर्डिंग लगे हुए हैं, इन होर्डिंग पर खरगे समेत कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं की तस्वीरें लगी थीं। रविवार को होर्डिंग पर खड़गे की तस्वीरों पर स्याही पोत दी गई है। होर्डिंग पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी की भी तस्वीरें हैं, लेकिन उन तस्वीरों पर स्याही का निशान तक नहीं है।

**भारत सेवाश्रम संघ कर रहा भाजपा का समर्थन**

### ममता के बयान पर भड़की भाजपा, छिड़ी सियासत



कोलकाता। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में एक चुनावी रैली के दौरान टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी पर बड़ा आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रामकृष्ण मिशन, भारत सेवा आश्रम और इस्कॉन के लोगों को खुलेआम धमकी दे रही हैं। प्रधानमंत्री का ये बयान ऐसे समय में आया है, जब ममता ने भारत सेवाश्रम संघ पर भाजपा को सपोर्ट करने का आरोप लगाया था। भारत सेवाश्रम संघ की स्थापना 1917 में संत आचार्य स्वामी प्रणवानंदजी महाराज ने की थी।

**बशीरहाट पुलिस ने दी जानकारी**

## संदेशखाली में टीएमसी कार्यकर्ता गिरफ्तार, दुष्कर्म का लगा आरोप



एजेंसी ⏭ संदेशखाली

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक नाबालिग लड़की के साख दुष्कर्म करने के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के अनुसार, शुक्रवार की रात को आरोपी किसी तरह उनके घर पर घुस गया और लड़की का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि आठवीं की छात्रा किसी तरह वहां से भागने में कामयाब रही। बाहर आकर उसने शोर मचाया, जिसके बाद घरवाले और पड़ोसी बाहर आ गए। बशीरहाट पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि 20 वर्षीय आरोपी से पूछताछ जारी है। उन्होंने आगे बताया कि लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया और रिपोर्ट्स का इंतजार है। इसके पहले यहां शाहजहां शेख अरेस्ट हो चुका है।

**भाजपा के खिलाफ एमवीए ने कांग्रेस प्रत्याशी पर खेला दांव**

पांचवें चरण में आज यहां होगा मतदान प्रतिष्ठा का सवाल

## हॉट सीट मुंबई नॉर्थ: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को भाजपा गढ़ बचाने की चुनौती



पीयूष गोयल



भूषण पाटिल

### जातीय व क्षेत्रवाद गठजोड़ हावी

महाराष्ट्र की सियासत में जातीय समीकरण से ज्यादा क्षेत्रवाद के आधार पर राजनीतिक दल अपनी रणनीति तय करते रहे हैं। इस सबसे ज्यादा 32 प्रतिशत मराठी, 28 प्रतिशत गुजराती व मारवाड़ी, 20 प्रतिशत उत्तर भारतीय, 7 प्रतिशत दक्षिण भारतीय, 9 प्रतिशत मुस्लिमों के अलावा दो प्रतिशत अन्य वर्ग के मतदाता वोटिंग करते रहे हैं।

ओपी पाल ⏭ नई दिल्ली

देश की आर्थिक नगरी के नाम से विख्यात मुंबई के उपनगर जिले की मुंबई नॉर्थ लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में सोमवार को मतदान होगा। मुंबई की इस महत्वपूर्ण लोकसभा सीट पर भाजपा समर्थित महायुति गठबंधन की ओर से भाजपा प्रत्याशी के रुप में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा के चुनाव मैदान में हैं।

कांग्रेस समर्थित महाविकास अघाड़ी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में भूषण पाटिल यहां भाजपा के गढ़ को भेदने के लक्ष्य के साथ चुनावी जंग लड़ रहे हैं। इस सीट पर इस बार भाजपा प्रत्याशी के सामने पार्टी के सियासी गढ़ को बचाने की चुनौती होगी, वहीं एमवीए की प्रतिष्ठा जांव पर है। महाराष्ट्र में भाजपा सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और कांग्रेस महाविकास अघाड़ी गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव मैदान में है। राज्य की 48 लोकसभा सीटों में मुंबई की छह लोकसभा सीटों में मुंबई नॉर्थ लोकसभा सीट पर पिछले चुनावों के समीकरण के आधार पर इस बार भी भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने सामने है। महायुति के साथ भाजपा की नई चुनाव रणनीति के तहत इस सीट से लगातार दो बार के मौजूदा सांसद गोपाल शेट्टी का टिकट काटकर राज्यसभा में सदन के नेता एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल को चुनावी जंग में उतारा है। भाजपा की इस रणनीति के खिलाफ महाविका अघाड़ी गठबंधन की ओर से भूषण पाटिल को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया गया है। इस सीट पर हमेशा की तरह इस बार भी भाजपा और कांग्रेस के बीच ही प्रमुख मुकाबला माना जा रहा है, लेकिन इस सीट पर चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाने के लिए उतरे कुल 19 प्रत्याशियों में सात निर्दलीयों के अलावा महाराष्ट्र के क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशी भी अपनी ताकत झोंक रहे हैं। गौरतलब है कि महायुति गठबंधन में भाजपा के अलावा शिवसेना (शिंदे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, राष्ट्रीय समाज पक्ष (महादेव जानकर) हैं, तो महाविकास अघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस के साथ शिव सेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) हैं।

### ये है लोकसभा चुनाव का इतिहास

महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ लोकसभा सीट पर अभी तक हुए 15 चुनाव में सबसे ज्यादा सात बार भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीते हैं, जबकि कांग्रेस को छह, और भाजपा समर्थित जनता पार्टी को यहां लगातार दो बार जीत मिली है। 1952 से अब तक यह ऐसा क्षेत्र रहा है, जिसे 1967 और 1971 के लोकसभा चुनाव के दौरान समाप्त कर दिया गया था, जिसे 1977 में फिर से बहाल किया गया। इस चुनावी इतिहास में यह भी एक पहलू है, जब पहले 1952 के लोकसभा चुनाव में यहां दो सांसद निर्वाचित हुए थे। 1977 में यहां मृणाल मोरे और 1980 में रवीन्द्र वर्मा ने जीत दर्ज कर यह सीट जनतापार्टी की झोली में डाली थी। इसके बाद 1984 का चुनाव फिर कांग्रेस प्रत्याशी ने जीता, लेकिन उसके बाद 1989 के चुनाव में भाजपा के राम नाईक ने लगातार पांच जीत दर्ज कर इसे भाजपा का गढ़ बना दिया, लेकिन 2004 में लगातार दो बार राम नाईक को परास्त करके फिल्म अभिनेता गोविंदा और 2009 में संजय निरुपम ने कांग्रेस की वापसी कराई। साल 2014 में कांग्रेस के संजय निरुपम और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडर को हराकर भाजपा प्रत्याशी गोपाल शेट्टी ने लगातार दो जीत दर्ज कर भाजपा का परचम लहराया। मुंबई नॉर्थ लोकसभा के अंतर्गत मुंबई उपनगर जिले की छह विधानसभा सीटें बोरीवली, दहिसर, मागाठाणे, कांदिवली, चारकोप और मालाड (वेस्ट) आती हैं। इन सीटों में चार में भाजपा, एक में कांग्रेस और एक शिवसेना के विधायक हैं।

### कौन है भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी

मुंबई उत्तर सीट से भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल लगातार तीन बार से राज्यसभा सांसद और सदन के नेता होने के साथ केंद्र की मोदी सरकार में रेल, ऊर्जा जैसे कई मंत्रालय में अहम भूमिका निभाने के साथ मौजूदा केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, कपड़ा, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री हैं। उनके पास कांग्रेस प्रत्याशी से ज्यादा राजनीतिक अनुभव है। जबकि भाजपा को को चुनौती देने के लिए सियासी मैदान में कूदे कांग्रेस प्रत्याशी भूषण पाटिल कांग्रेस की मुंबई इकाई के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने पहले 2009 में बोरीवली विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था, जो पिछले दो दशक से ज्यादा समय से कांग्रेस के लिए कार्य कर रहे हैं और वे कांग्रेस की मुंबई इकाई के कोषाध्यक्ष के रूप में भी अपनी भूमिका निभा चुके हैं। यही नहीं वे यूपीए शासनकाल में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड सलाहकार बोर्ड पैनल का भी हिस्सा भी रहे हैं। इंडी गठबंधन बनने के बाद यह प्रतिष्ठित सीट कांग्रेस के खाते में गई है। यहां भाजपा को अब संजय निरूपम का साथ मिला है।

CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

दिव्यांगजनों का मतदान करना हुआ आसान



सक्षम-ईसीआई एप
Saksham-ECI App

मतदान की तिथि
25 मई, 2024

मतदाता के रूप में रजिस्टर करें
• नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन
• दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित करें
• वोटर कार्ड में संशोधन
• वोटर कार्ड को आधार से लिंक करना

मतदान केन्द्र पर सुविधाएं
• व्हील चेयर की सुविधा
• निःशुल्क परिवहन सुविधा

प्ले स्टोर से SAKSHAM-ECI App डाउनलोड करने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा
30 बेज़ बिल्डिंग, सेक्टर 17, चण्डीगढ़
e-Mail: ceo_haryana@eci.gov.in I Website: www.ceoharyana.gov.in

1950 Voter Helpline

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

# कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना जरूरी

देश में जारी आम चुनाव के दरम्यान कश्मीर में एक घंटे के भीतर दो आतंकी हमले घाटी में चुनाव की फिजा को खराब करने की नापाक कोशिशें हैं। यह कायराना हरकत निंदनीय है, शर्मनाक है। आतंकियों न टूरिस्ट दंपति और स्थानीय भाजपा नेता को निशाना बनाया है। आतंकियों की कोशिश कश्मीर की शांति को भंग करने की है, पर्यटकों को डराने की है और वहां जारी राजनीतिक कवायद में खलल डालने की है, लेकिन घाटी में आतंकी अपने नापाक मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे। अनंतनाग के पहलगाम के पास एक ओपन टूरिस्ट कैंप में आतंकियों ने एक टूरिस्ट पति-पत्नी को गोली मार दी। दंपति राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। महिला का नाम फराह और उसके पति का नाम तबरेज है। चार दिन पहले वे करीब 50 लोगों के एक ग्रुप के साथ कश्मीर घूमने गए थे। शोपियां के हीरपोरा में शनिवार रात करीब 10.30 बजे आतंकियों ने लोकल भाजपा नेता ऐजाज अहमद शेख को गोली मार दी। ऐजाज अहमद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। ऐजाज अहमद पूर्व सरपंच थे। इन दोनों आतंक घटनाओं में मुस्लिम को निशाना बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर में दोनों हमले तब हुए है, जब यहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। 20 मई को पांचवें फेज में बारामूला सीट पर मतदान होना है। 25 मई को छठे फेज में अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान होगा। उधमपुर और जम्मू में 19 और 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है। श्रीनगर में 13 मई को वोटिंग हुई थी। दोनों ही आतंकी घटना दक्षिण कश्मीर में हुई है। भारतीय सेना द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन क्लीन के बाद आतंकवाद दक्षिण कश्मीर तक सीमित हो गया है। यह क्षेत्र एलओसी के पास है। बाकी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी आ गई है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की मंशा कश्मीर में अशांति फैलाने की रही है, इसी मंशा के तहत वे स्थानीय दहशतगर्दों की मदद से आतंकी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। पूर्व में आतंकियों ने गैर कश्मीरी कामगारों व कश्मीरी पंडितों की सिलेक्टिव हत्या की है। उस वक्त भी वे यही संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में शांति स्थापित नहीं हो सकी है। करीब चार दशक से कश्मीर पाक प्रायोजित आतंकवाद से लहूलुहान है। सेना के ऑपरेशन क्लीन के बाद वहां आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगी है, पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका है। पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा कि कश्मीर के पर्यटन उद्योग को खत्म किया जा रहा है। उमर अब्दुल्ला ने भी इस आतंकी घटना की कड़ी निंदा की है, भाजपा ने इस घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इससे पहले 4 मई को पुंछ में एयरफोर्स जवानों पर आतंकी हमला हुआ था। इसमें एक जवान शहीद हो गया था व पांच जवान घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर सरकार व सेना को चाहिए कि आम चुनाव के दौरान अपने खुफिया नेटवर्क को और सतर्क करे, सीमा पर चौकसी बढ़ाए और आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ऑपरेशन क्लीन को और तेज करने की जरूरत है। चुनाव में खलल डालने की कोशिश कभी कामयाब नहीं होगी, जम्मू-कश्मीर जल्द आतंकवाद मुक्त होगा। वहां सरकार विधानसभा चुनाव कराने की भी तैयारी में है। पाकिस्तान को भी आतंकवाद को लेकर कड़ा संदेश देने की आवश्यकता है। कश्मीर में आतंकवाद को दोबारा सिर उठाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।



आम चुनाव

राज कुमार सिंह

# कई के सामने अस्तित्व की चुनौती

इस चुनाव दोनों बड़े दलों पर परिणामों का दूरगामी असर पड़ेगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से इतर कुछ दल और नेता तो ऐसे हैं, जिनका भविष्य ही इन चुनावों में तय हो जाएगा। राजनीति में किसी को खारिज नहीं करना चाहिए, लेकिन बदलते परिदृश्य में कुछ नेताओं के लिए ये चुनाव निर्णायक साबित हो सकते हैं। हार के बाद उनका वजूद तो बचा रह सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति में प्रासंगिकता शायद ही बचे। उत्तर प्रदेश में चमत्कारिक रफ्तार से बढ़ी बहुजन समाज पार्टी अपने बूते भी सत्ता तक पहुंची। बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 प्रतिशत वोट और मात्र एक सीट पर सिमट गई।

बेशक अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव केंद्रीय सत्ता का फैसला करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की 'हैट्रिक' का नारा दिया है। वैसा हुआ तो विपक्ष की भूमिका में वह कांग्रेस की भी 'हैट्रिक' होगी। दोनों बड़े दलों पर परिणामों का दूरगामी असर पड़ेगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से इतर कुछ दल और नेता तो ऐसे हैं, जिनका भविष्य ही इन चुनावों में तय हो जाएगा। राजनीति में किसी को खारिज नहीं करना चाहिए, लेकिन बदलते परिदृश्य में कुछ नेताओं के लिए ये चुनाव निर्णायक साबित हो सकते हैं। हार के बाद उनका वजूद तो बचा रह सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति में प्रासंगिकता शायद ही बचे।

बात बहुजन समाज पार्टी से शुरू कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में चमत्कारिक रफ्तार से बढ़ी बहुजन समाज पार्टी अपने बूते भी सत्ता तक पहुंची। मायावती ने देश के सबसे बड़े राज्य का चार बार मुख्यमंत्री बनने का करिश्मा कर दिखाया। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में असर के चलते केंद्रीय सत्ता की चाबी कभी बहुजन समाज पार्टी के हाथ नजर आती थी। बहुजन समाज पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला और मायावती प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने लगीं।

मायावती प्रधानमंत्री नहीं बन पायीं, पर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री के बाद दूसरा शक्तिशाली राजनेता माना जाता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से गठबंधन में 19.3 प्रतिशत वोट की बदौलत 10 सीटें जीतने में सफल बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 प्रतिशत वोट और मात्र एक सीट पर सिमट गई। जो दस सांसद जीते थे, उनमें से भी ज्यादातर इस चुनाव से पहले हाथी का साथ छोड़ गए। लोकसभा चुनाव भी बसपा अकेले लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने बहुजन समाज पार्टी से दोस्ती की कोशिश की थी। अखिलेश की मानें तो 'इंडिया' मायावती को प्रधानमंत्री बनाना चाहता था। फिर क्यों, 'बहन जी' के संबोधन से लोकप्रिय, मायावती ने 'एकला चलो' का फैसला किया? इस अनुत्तरित सवाल के जवाब में बहुत कुछ छिपा हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर सपा-बसपा-रालोद गठबंधन 15 सीटें जीतने में सफल हो गया था, तो बदलते राजनीतिक परिदृश्य में इस बार कांग्रेस के भी साथ होने पर 'इंडिया' उस उत्तर प्रदेश में बड़ी चुनौती पेश कर सकता था, जो भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़ा शक्ति स्रोत है, इसीलिए बहुजन समाज पार्टी पर भाजपा की 'बी टीम' होने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे बसपा उम्मीदवारों की सूची लंबी है, जो निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय समीकरणों में सत्तापक्ष के बजाय विपक्ष को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आक्रामक भतीजे आकाश आनंद को बीच चुनाव उत्तराधिकारी के साथ ही नेशनल कॉर्डिनेटर पद से हटाने को भी मायावती की अबूझ राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी की चार दशक की राजनीतिक कमाई क्यों दांव पर



लगाई, यह तो मायावती बेहतर जानती होंगी, लेकिन सिमटता जनाधार उन्हें चुनावी राजनीति में अप्रासंगिक बना रहा है। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी चमत्कार नहीं कर पाई तो राजनीतिक शोध का विषय बन कर रह जाएगी।

राष्ट्रीय लोकदल का भी सब कुछ इस चुनाव में दांव पर है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से मतभेदों के चलते कांग्रेस से अलग भारतीय क्रांति दल बनाने वाले चौधरी चरण सिंह बाद में प्रधानमंत्री भी बने। हार-जीत होती रही, दल का नाम भी बदलता रहा, पर उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा से भी आगे पंजाब, मध्य प्रदेश और ओडिशा तक फैले उनके जनाधार और क्षत्रपों पर सवालिया निशान नहीं लगा। उनके निधन के बाद, खासकर मंडल-कमंडल के राजनीतिक ध्रुवीकरण के चलते वह जनाधार उनके बेटे अजित सिंह के जीवनकाल में ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों तक सिमट गया। अजित के बेटे जयंत चौधरी में चरण सिंह की छवि देखने वालों को उम्मीदें बहुत थीं, पर उन्होंने जिस तरह विपक्ष से पलटी मार कर मात्र दो लोकसभा सीटों के लिए सत्तापक्ष का दामन थाम लिया, उसके नतीजे किसान राजनीति के सबसे बड़े चौधरी की विरासत का भविष्य भी तय कर देंगे।

वैसी ही चुनौती बिहार में चिराग पासवान के समक्ष है। रामविलास पासवान, लालू यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली लोकदली-समाजवादी राजनीतिक धारा से निकले। नीतीश की राजनीति लंबी नहीं बची है। लालू के वारिस के रूप में तेजस्वी ने खुद को स्थापित कर लिया है, लेकिन मायावती के अलावा उत्तर भारत में दूसरे बड़े दलित चेहरे के रूप में उभरे पासवान की विरासत पर संकट है। पहले लोक जनशक्ति पार्टी, भाई और भतीजे बीच बंट गई तो अब चुनावी परीक्षा है। चुनाव केंद्र की सत्ता के लिए हैं, पर महाराष्ट्र की राजनीति पर भी परिणामों का गहरा असर होगा। शिवसेना तोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से मुख्यमंत्री भी बन गये एकनाथ शिंदे की असली परीक्षा इन चुनावों में है। बेशक सांसद-विधायकों का बहुमत उनके साथ गया। चुनाव आयोग ने उनके गुट को शिवसेना भी मान लिया, पर जन समर्थन का पता चुनावों में चल जाएगा। यही हाल अजित पवार का है।

पांच साल में अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी दो बार तोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से उप मुख्यमंत्री बनने वाले अजित महाराष्ट्र की राजनीति के 'दादा' बन पाए हैं या नहीं—फैसला चुनावों में हो जाएगा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में बनी शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस के गठबंधनः महा विकास अघाड़ी की सरकार गिराने और वैकल्पिक सरकार बनाने में भारतीय जनता पार्टी के लिए शिंदे और अजित की उपयोगिता थी। अगर वे चुनावी परीक्षा में फेल हो गए, तो भाजपा उनका बोझ नहीं ढोएगी, क्योंकि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी इसी साल अक्तूबर में हैं। अक्तूबर में विधानसभा चुनाव हरियाणा में भी होने हैं, जहां पिछली बार भारतीय जनता पार्टी बहुमत से चूक गई और सत्ता की चाबी नई बनी जननायक जनता पार्टी के हाथ चली गई। उस चाबी के सहारे 10 विधायकों के नेता दुष्यंत चौटाला उप मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन इसी साल मार्च में अचानक हुए मुख्यमंत्री- परिवर्तन के क्रम में वह गठबंधन भी टूट गया। दोस्तों में दूरियां इतनी बढ़ीं कि बात भाजपा सरकार गिराने के लिए कांग्रेस से भी हाथ मिलाने तक पहुंच गई है-जबकि खुद अपनी पार्टी बिखराव के कगार पर है। सत्ता की इस चाबी का भविष्य भी इन चुनावों में तय हो जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

डॉ. सौरभ मालवीय




# कायम रहेगा योगी राज

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में दिए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान के बाद प्रदेश में सियासी पारा बढ़ गया है। केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भाजपा केंद्र की सत्ता में आ गई तो यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह को पीएम बनाने के लिए डेढ़-दो वर्षों से लगे हुए हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुन्धरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया है। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा बचे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे पीएम पद छोड़कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। केजरीवाल के इस बयान की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही है या चर्चा में रहने के लिए यह राजनीतिक जुमला मात्र है। वास्तव में केजरीवाल भी जानते हैं कि उनका यह बयान भ्रामक है। वे इस प्रकार के बयान देकर एक ओर तालियां बटोरना चाहते हैं तो दूसरी ओर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपना रहे हैं। यद्यपि योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- 'केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अण्णा हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अण्णा ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं।' इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के बाद भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। वास्तव में प्रधानमंत्री जानते हैं कि योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सराहनीय विकास कार्य किए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने भी योगी आदित्यनाथ के कार्यों को सराहा तथा उन्हें प्रदेश की बागडोर सौंप दी। लोकसभा चुनाव 2024 पाचवें चरण तक आते आते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 49 दिनों में कुल 111 जनसभाएं सहित 144 जनसभाएं की हैं। इसके अलावा योगी अब तक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ पार्टी के चाल, चरित्र एवं चेहरे के अनुसार प्रदेश में हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके कार्य इस बात को सिद्ध करते हैं। चाहे प्राचीन नगरों के नाम परिवर्तित करना हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करना हो। उनके सभी कार्य इसका साक्षात प्रमाण हैं। उनकी देखरेख में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। योगी सरकार राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है।

योगी सरकार ने बौद्ध सर्किट में श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर तथा रामायण सर्किट में चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया है। सरकार तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। योगी सरकार तीर्थ यात्रियों को कई सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों की अनुदान राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति यात्री की गई है। इसी प्रकार सिंधु दर्शन के लिए अनुदान राशि 20 हजार रुपये की गई। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं चंदौली में देवदारी राजदारी वाटरफॉल का विकास किया गया। स्पिरिचुअल सर्किट के अंतर्गत गोरखपुरमें पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। जेवर, दादरी, नोएडा, खुर्जा एवं बांदा में भी पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। विपक्षी सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाते रहते हैं, परन्तु सत्य यही है कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। जैन एवं सूफी सर्किट के अंतर्गत आगरा एवं फतेहपुर सीकरी में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया जाना इस बात का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पृथक पहचान बनाई है। आज देश में उत्तर प्रदेश मॉडल की चर्चा की जा रही है। ये आदित्यनाथ के प्रयास से ही संभव हो सका है।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित

दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।-आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित

प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहाँ से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**डेंगू से बचने-बचाने के लिए गंभीर हों**

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचने और इस बीमारी से निपटने के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम है- डेंगू रोकथाम सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी। महामारी हो या अन्य कोई बीमारी, इससे बचने के लिए आमजन को भी गंभीर होना चाहिए, मात्र सरकारों या प्रशासन के भरोसे ही नहीं बैठना चाहिए। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में डेंगू अपना कहर बरपाता है। सरकार और प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से तभी जागते हैं जब डेंगू जानलेवा बनने लगता है। प्रशासन को चाहिए कि वह आग लगने के बाद कुआं खोदने की बजाय पहले ही डेंगू को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा ले। सबसे पहले तो जहां पर भी सफाई व्यवस्था चरमराई हो, वहां पर उसे दुरुस्त करे और फॉगिंग की गाडियां हर क्षेत्र में स्प्रे करें।

*- संजय विश्वकर्मा, महासमुंद*

## ट्रेंड


### पराजित होना तय



टीएमसी, कांग्रेस और वामपंथियों ने पश्चिम बंगाल को भ्रष्टाचार और कुशासन का पर्याय बना दिया है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उनका पराजित होना तय है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अनुभव को गहरा कर देता



जिसे असफलता माना जाता है, वह आपके अनुभव को अधिक गहरा कर देता है, जिसे आप सफलता मानते हैं। यदि आप जानते हैं कि आपके आस-पास क्या हो रहा है, इसके बावजूद खुद को खुश कैसे रखना है, तो परम मुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### ऐतिहासिक गारंटियां



कांग्रेस आपको ऐतिहासिक गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देंगी। 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी। हर ग्रेजुएट एक लाख रू प्रति वर्ष स्टाइपेंड। पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून, गिग वर्क फोर्स के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### आप सही हैं या गलत




चमकती रोशनी बंद कर दीजिए, आप विचारशील हैं। एक मोमबत्ती बुझा दो, तुम मूड बिगाड़ने वाले हो। कभी-कभी संदर्भ यह निर्धारित करता है कि क्या सही है और क्या गलत।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# यूक्रेन को लेकर यूरोप अभी भी संकट की स्थिति में


कुछ लोगों का मानना है कि यूक्रेन में युद्ध ने यूरोप को मौलिक रूप से बदल दिया है, जिससे एक अलग तरह की यूरोपीय व्यवस्था ने जन्म लिया है। यानी ऐसा प्रतीत होता है कि यह यूरोप को चलाने और संगठित करने के तरीके में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। रक्षा और सुरक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों में यूरोपीय एकीकरण गहरा हो रहा है और यूरोपीय संघ नए सदस्यों को शामिल करने के लिए अपनी भौगोलिक सीमाओं का विस्तार करने के लिए तैयार है। इसे दर्शाते हुए, यूरोपीय संघ के नेता, राजनेता और लेखक आम तौर पर 2022 के आक्रमण की तुलना 1945 और 1989 के विभक्ति बिंदुओं से करते हैं। इनमें से प्रत्येक ने नए संगठन और नियम बनाए जिन्होंने यूरोपीय सहयोग, राजनीति, अर्थशास्त्र और सुरक्षा को फिर से परिभाषित किया। 1989 में शीत युद्ध की समाप्ति यूरोपीय एकीकरण को आगे बढ़ाने वाली थी और इसने कई पूर्वी यूरोपीय देशों को यूरोपीय संघ में लाने का रास्ता खोल दिया। सरकारों ने विशेष रूप से रक्षा खर्च बढ़ाया है और यूरोपीय संघ ने दर्जनों नई सुरक्षा पहल शुरू की हैं। हालांकि, यह यूरोपीय व्यवस्था में कितना बदलाव लाता है यह अनिश्चित है।



## ऑफ बीट

# धूप का चश्मा खरीदते समय रखें इस बात का ध्यान?

'ऑप्टिशियन' (चश्मा बनाने वाला) को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों का पालन करना होता है यानी चश्मा बनाते समय उनके लिए उच्च मानकों का पूरा करना अनिवार्य है। इसका अर्थ यह है कि पेशेवर ऑप्टिशियन ग्राहकों को अपने लिए ऐसा धूप चश्मा चुनने में बेहतर तरीके से मदद कर सकते हैं जो न केवल उनकी व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करता हो, बल्कि आरामदायक भी हो और उनके चेहरे की बनावट के भी अनुकूल हो। सुरक्षा के नियम यूरोपीय कानून धूप के चश्मे के लेंस को 'व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण' के रूप में वर्गीकृत करता है, जिसे सुरक्षा के पांच स्तरों को पूरा करना चाहिए। श्रेणी 'शून्य' के लेंस 80–100 प्रतिशत प्रकाश को अंदर जाने देते हैं, जबकि श्रेणी चार के लेंस केवल तीन से आठ प्रतिशत को ही चश्मे से अंदर जाने देते है जिसका अर्थ है कि वे वाहन चलाते समय पहने जाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। श्रेणी तीन का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है, क्योंकि ये वाहन चलाने सहित अधिकतर स्थितियों के लिए उपयुक्त होते हैं। तो, क्या गहरे रंग के लेंस आपकी बेहतर सुरक्षा करते हैं? इसका संक्षिप्त उत्तर है: ऐसा जरूरी नहीं है।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



धर्म से जुड़ेंगे तो उतने स्वयं व भारत से जुड़ेंगे: शिवानी

# साहस, संस्कारों के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने का काम करेगी 'दुर्गा वाहिनी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में चल रहे दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के प्राकट्य कार्यक्रम में प्रांत से आई शिक्षार्थी बहिनों ने सात दिन के प्रशिक्षण का भव्य प्रदर्शन किया। मंच पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्याध्यक्ष केएल शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म हजारों वर्षों के आघात के बाद भी खड़ा है। मुख्य अतिथि सेज यूनिवर्सिटी की निदेशक शिवानी अग्रवाल ने दुर्गा वाहिनी वर्ग को उपयोगी बताते हुए कहा कि भारत की मातृशक्ति को सशक्तिकरण की आवश्यकता नहीं,वह स्वतः ही शक्ति स्वरूपा है।

## दुर्गा वाहिनी के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में शक्ति स्वरूपा का गुणगान



### बालिकाओं को किया नमन

वर्ग प्रमुख सत्यकीर्ति राने ने वर्ग का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि दुर्गा वाहिनी राष्ट्र को सशक्त, स्वाभिमानी, संस्कारी पीढ़ी तैयार करने का काम करेगी। विशेष अतिथि पूर्व पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ. महेंद्र शुक्ल ने बालिकाओं को नमन करते हुए मातृशक्ति को पुरुष की अनुगामी कहा। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक उपस्थित रहे।

## मंत्री बनने से पहले रावत, सप्रे को देना होगा इस्तीफा

# कांग्रेस से भाजपा में आए 3 विधायकों की चुनाव बाद खुलेगी लॉटरी, बन सकते मंत्री!

इस्तीफा देने के बाद भाजपा में आए थे कमलेश शाह

तीनों को चुनाव बाद उनसे किए गए वादे पर अमल का इंतजार



रामनिवास रावत



कमलेश शाह



निर्मला सप्रे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायकों की शीघ्र लॉटरी खुल सकती है। 4 जून को मतगणना के बाद इन्हें प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया जा सकता है।

ये विधायक हैं छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से विधायक कमलेश शाह, श्योपुर जिले के विजयपुर से विधायक रामनिवास रावत और सागर जिले की बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे। इनमें से कमलेश शाह विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हुए थे, जबकि रामनिवास और निर्मला को मंत्री बनने से पहले विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ेगा। सूत्रों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व की ओर से इन्हें चुनाव निबटने के बाद मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने का आश्वासन दिया गया था। तीनों को चुनाव बाद उनसे किए गए वादे पर अमल का इंतजार रहेगा।

मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल का पुनर्गठन हो सकता है

### सरकार में अभी मुख्यमंत्री सहित 31 मंत्री

प्रदेश सरकार में अभी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित 31 मंत्री शामिल हैं। यदि कांग्रेस से आए राम निवास, कमलेश शाह और निर्मला सप्रे भी मंत्री बन गए तो मंत्रिमंडल के सदस्यों की संख्या 34 हो जाएगी। इसके बाद मंत्रिमंडल में कोई पद रिक्त नहीं बचेगा, क्योंकि विधानसभा में सदस्य संख्या के लिहाज से सरकार में 34 से ज्यादा मंत्री नहीं हो सकते। सूत्रों का कहना है कि पहले कमलेश शाह और इसके बाद राम निवास रावत को मंत्री बनाने की शर्त पर ही भाजपा में लाया गया है।

**सप्रे को लेकर स्थिति साफ नहीं**

निर्मला सप्रे को लेकर स्थिति अभी ज्यादा स्पष्ट नहीं है। वे कांग्रेस के टिकट पर पहली बार ही चुनाव जीत कर विधायक बनी हैं। उन्हें किसी निगम-मंडल में लेकर मंत्री अथवा राज्य मंत्री का दर्जा दिया जा सकता है। खबर यह भी है कि चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा की गई घोषणा के अनुसार भी मंत्रिमंडल का पुनर्गठन हो सकता है। ऐसा हुआ तो जिन मंत्रियों के क्षेत्र में कम मतदान हुआ उन्हें हटा कर उन विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है, जिनके क्षेत्रों में मतदान ज्यादा हुआ है।

### छिंदवाड़ा और मुरैना में लाभ के लिए लाए शाह-रावत

भाजपा छिंदवाड़ा सीट को किसी भी कीमत पर जीतना चाहती थी। इसके लिए पार्टी के कद्दावर नेता एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को छिंदवाड़ा का प्रभारी बनाया गया था। उनके प्रयास से ही कमलनाथ के विश्वस्त अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह को तोड़कर भाजपा में लाया गया था। शाह जैसी नैतिकता कम नेताओं में होती है। शाह ने पहले विधानसभा से इस्तीफा दिया, इसके बाद भाजपा में शामिल हुए। भाजपा को उम्मीद है कि उनके आने का लाभ पार्टी को चुनाव में मिलेगा। दूसरी सीट मुरैना फंसी दिख रही थी। यहां विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर की कमजोर स्थिति को देखते हुए कांग्रेस से 6 बार विधायक रहे राम निवास रावत को भाजपा में लाया गया। हालांकि रावत ने शाह जैसी नैतिकता नहीं दिखाई। भाजपा में शामिल होने के बावजूद उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया।

### सदस्यता समाप्त करने कांग्रेस देगी आवेदन

दलबदल कानून में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी सदन का कोई सदस्य पार्टी छोड़ता है तो उसे सदन की सदस्यता छोड़ना होगी। सदस्यता उसी स्थिति में बच सकती है यदि पार्टी के दो तिहाई सदस्यों ने पार्टी छोड़ी हो। लेकिन दलबदल के बावजूद सदस्य इस्तीफा नहीं देते, जैसा कांग्रेस के राम निवास रावत और निर्मला सप्रे ने किया। कांग्रेस के इन दोनों विधायकों ने पार्टी छोड़ कर भाजपा ज्वॉइन कर ली, लेकिन विधायकी से त्यागपत्र देने के लिए तैयार नहीं हैं। राम निवास संकेत तक दे चुके हैं कि उनकी इच्छा इस्तीफा देने की नहीं है। विधानसभा के पिछले कार्यकाल में कांग्रेस विधायक सचिन बिरला ने भी भाजपा ज्वॉइन की थी, लेकिन अंत तक विधायकी नहीं छोड़ी। इस बार वे भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत गए। कांग्रेस ने तय किया है कि पार्टी छोड़ने वाले विधायकों को वह छोड़ेगी नहीं, विधानसभा को पत्र देकर राम निवास रावत और निर्मला सप्रे की सदस्यता समाप्त करने का आग्रह करेगी। निर्णय का अधिकार विधानसभा अध्यक्ष के पास रहता है। वे समयसीमा में भी बंधे नहीं हैं। स्पीकर के निर्णय न लेने के कारण ही सचिन बिरला कांग्रेस छोड़ने के बाद भी पूरे समय विधायक बने रहे। उनकी सदस्यता नहीं गई।

## दतिया पहुंचे शाह, डॉ. मिश्रा ने किया स्वागत



**हेलीकॉप्टर से ललितपुर के लिए रवाना**

भोपाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को दोपहर 12 बजे विशेष विमान से दतिया विमानतल पहुंचे। शाह का स्वागत पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने फूल देकर और पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर किया। शाह विमानतल पर ही डॉ. मिश्रा से कुछ देर चर्चा कर हेलीकॉप्टर से ललितपुर के लिए रवाना हो गए। शाह ने ललितपुर, बांदा व अमेठी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित व रोड शो किया।

## आचार संहिता खत्म होने के बाद चुनाव होने की संभावना

# रोहित सोसाइटी में चुनाव का रास्ता साफ मतदाता सूची को किया जा रहा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोहित हाउसिंग सोसाइटी के चुनाव का रास्ता अब साफ हो गया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद इसके चुनाव होने की संभावना बढ़ गई है। इससे पहले इसके प्रशासक ने मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के लिए सदस्यों से अपडेट जानकारी बुलाई है। उन्हें अपना पता, आधार और अन्य पहचान पत्र 20 से 27 मई तक सोसाइटी के प्रशासक के पास जमा करानी होगी।

जानकारी के अनुसार, सोसाइटी की पिछले साल सितंबर में हुई आमसभा में प्रशासक ने जल्द चुनाव कराने का वादा किया था। इसके बाद मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया गया था। इसके लिए सदस्यों से उनके सदस्यता फार्म, मोबाइल और आधार नंबर लेकर मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया गया था। उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं को मतदाता सूची और चुनाव कराने का प्रस्ताव मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को भेजा गया था। वहां से इस आपत्ति के साथ प्रस्ताव वापस कर दिया गया था कि मतदाता सूची को अपडेट किए गए एक साल से अधिक समय हो चुका है, इसलिए मतदाता सूची दोबारा अपडेट कर प्रस्ताव भेजा जाए। मतदाता सूची को अपडेट करने की कवायद एक बार फिर शुरू हो गई है। रोहित हाउसिंग सोसाइटी के प्रशासक मुकुंद भैंसारे ने बताया कि सोसाइटी की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के लिए सदस्यों से उनके मोबाइल और आधार नंबर की अपडेट जानकारी मांगी गई है।

## जिला प्रशासन की वैध प्लाटिंग पर कार्रवाई

# छह जगहों पर चला बुलडोजर तोड़े गए बाउंड्री और पिलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के छह अलग-अलग जगहों पर राजस्व अमले ने अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की है। ग्राम निमोरा में अवैध प्लाटिंग की गई थी। स्थल पर मुरूम का रोड तैयार किया था, जिसको नष्ट किया गया। रायपुर के धरसींवा थाना क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए बनाए गए मुरूम के रास्ते को तोडा गया है।

रायपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम डोमा और ग्राम दतरेंगा में भी अवैध प्लाटिंग पर शिकंजा कसते हुए राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर स्थल के मुरूम वाले रास्ते को तोड़ा गया। साथ ही बाउंड्री को हटाने की कार्रवाई की। ग्राम गोंदवारा और बोरिया खुर्द में भी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। रायपुरा में प्लाटिंग को घेरा करने पर तोड़ा गया है। ग्राम कांदुल और काठाडीह में में रास्ते, बाउंड्री, पिलर को तोड़ा गया। परसुलीडीह में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। डीपीसी और रास्ते को तोड़ा गया। इन कार्रवाई के दौरान अलग-अलग स्थानों पर तहसीलदार पवन कोसमा, तुलसी राठौर, नायब तहसीलदार अमन चतुर्वेदी, संदीप सिंह राजपूत सहित संबंधित पुलिस थाने की टीम और ग्राम पंचायत की टीम उपस्थित रही।

## शादी में शामिल होने के लिए निकले थे युवक

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायगढ़ जिले में शनिवार की रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि तीनों युवक शादी में शामिल होने के लिए जा रहा थे, इसी दौरान यह हादसा हो गया। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मरने वालों में विजय भोय, उम्र 20 वर्ष, पीता चूड़ामणि खैरबाहर, लक्ष्मण चौहान, उम्र 24 वर्ष, पिता लोहर साय चौहान, सुबरा, कुलेश्वर पैंकरा उम्र 18 वर्ष, संतोष पैंकरा सुबरा निवासी हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, रायगढ़ जिले लैलूंगा ब्लाक के ग्राम सुबरा निवासी बाइक सवार तीन युवक खुलेश्वर पैकरा, विजय भोय, लक्ष्मण चौहान शनिवार की शाम सात बजे एक ही बाइक पर सवार होकर एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने गेरुपानी जाने निकले थे। इस दौरान जब कर्नाहन पुल के पास पहुंचे तो बाइक चालक अपने वाहन से नियंत्रण खो बैठा और फिर बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

## घटना में एक नाबालिग की आंख में आई चोट

# शालीमार एक्सप्रेस के एसी कोच पर गिरा बिजली का खंभा, यात्री का कटा हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन से बड़ी खबर सामने आई है। रायपुर से होकर गुजरने वाली शालीमार-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के एक एसी कोच में खंभा गिरा गया। खंभा गिरने से कोच में बैठे यात्री हादसे के शिकार हो गए। इस हादसे से एक यात्री का हाथ कट गया है, वहीं नाबालिग की चेहरे और आंख के पास चोट आई है।

हादसे में चार यात्री घायल बताए जा रहे हैं। वहीं एक नाबालिग समेत चारों यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया है। हालांकि सभी खतरें से बाहर हैं। घटना की जानकारी मिलने पर डीआरएम और रेलवे विभाग के सीनियर ऑफिसर मौके में पहुंचे। फिलहाल ट्रेन को रवाना कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि उरकुरा स्टेशन से गुजरने के दौरान शालीमार-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस के एक एसी कोच बी-6 में बिजली का खंभा गिर गया। इससे एसी कोच की खिड़की टूट गई। इसके बाद खंभा अन्य डिब्बों के खिड़कियों पर रगड़ाने लग गया। इससे ट्रेन की 4 खिड़कियां टूटी है। इस हादसे से चार लोग घायल हुए हैं। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। रेलवे बिजली का खंभा गिरने के हादसे की जांच में जुट गया है।



## श्रद्धांजलि अर्पित कर डॉ. यादव ने कहा- मां नर्मदा में थी स्व. दवे की अगाध आस्था

# मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. दवे के योगदान को किया याद

- अंकुर कॉलोनी स्थित 'नदी का घर' पर स्व. दवे के 7वें पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन



## अंडमान-निकोबार दीप समूह की साझा यात्रा का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जो अपने विजन को रिजल्ट तक लाते हैं और पूर्वानुमान को वर्तमान बनाने में सक्षम होते हैं। स्व. अनिल माधव दवे ऐसे ही बिरले व्यक्तित्व थे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी और चिंतक एवं विचारक सुरेश सोनी, हेमंत मुक्तिबोध और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंकुर कॉलोनी स्थित नदी के घर पर स्व. दवे के सप्तम पुण्य स्मरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. दवे के कार्यों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि दवे के साथ उनका लम्बा जुड़ाव रहा। इंदौर में दवे प्रचारक थे। विद्यार्थी परिषद के समय से मैं उनसे परिचित था। बाद में उनके साथ अंडमान-निकोबार दीप समूह की यात्रा पर जाने का अवसर भी मिला। जहां उन्होंने वीर सावरकर के काले पानी की सजा के काल को सबको परिचित कराया। डॉ. यादव ने कहा कि जावली में दवे के कार्यों को हम सब याद करते हैं। उनके साथ कार्य करने के अलग-अलग प्रकार के अनुभव रहे हैं। उनके साथ मां नर्मदा से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त हुआ। मां नर्मदा को लेकर उनकी अगाध आस्था थी।

### पूर्व मुख्यमंत्री चौहान आज दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर करेंगे चुनावी सभाओं को संबोधित

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों उत्तर-पर्व दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली और पश्चिम दिल्ली लोकसभाओं में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान उत्तर-पूर्व से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में झरोड़ा-बुरारी, उत्तर-पश्चिम से भाजपा उम्मीदवार योगेन्द्र चंदोलिया के समर्थन में मुखर्जी नगर और पश्चिम दिल्ली लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार कमलजीत शेरावत के समर्थन में पंजाबी बाग में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# तापमान थोड़ा बढ़ा, लेकिन अभी भी सामान्य से कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में पिछले दिनों लगातार बदली बारिश की वजह से तापमान में वृद्धि होने के बाद भी गर्मी महसूस नहीं हो रही है। पिछले 24 घंटे में रायपुर का तापमान ढाई डिग्री बढ़ा है, मगर अभी भी सामान्य से पांच डिग्री कम है।

इससे पहले रायपुर में शनिवार को बदली और बूंदाबांदी के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार-शनिवार की आधी रात बाद कई क्षेत्रों में हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हुई। सुबह से आकाश में बदली छाई रही। दोपहर में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। इसके बाद धूप खिली लेकिन ज्यादा चटख धूप नहीं रही। शाम को आकाश में फिर बादल छा गए। रायपुर में अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री, बिलासपुर में 38.2 डिग्री, पेंड्रारोड में 37 डिग्री, अंबिकापुर में 37.2 डिग्री, जगदलपुर में 33.6 डिग्री, दुर्ग में 42.2 डिग्री, राजनांदगांव में 39 डिग्री रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त हवा ने इस बार मई की तपिश को पूरी तरह कम कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार, रायपुर का तापमान बीते 18 में केवल 9 दिन 40 डिग्री का तापमान पार कर पाया है और शेष नौ दिन ठंडकता के साथ बीत गया है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी 24 घंटे में प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटों में कांकेर, बीजापुर, नारायपुर में 2- 2 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**खबर संक्षेप**

### जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ 65 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** कच्चे माल की लागत और कुछ अन्य खर्चों के कारण जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध मुनाफा मार्च तिमाही में 65 प्रतिशत घटकर 1,322 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 3,741 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय भी घटकर 46,511.28 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 47,427 करोड़ रुपये थी।

### एलटी फूड्स का लाभ चौथी तिमाही में 14 फीसदी बढ़ा



नई दिल्ली। बासमती चावल ब्रांड 'दावत' और 'रॉयल' के मालिक एलटी फूड्स का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 150.24 करोड़ रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 131.81 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कुल आय बढ़कर 2,091.73 करोड़ रुपये हो गई।

# आईडीएफसी व आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एक होने जा रहे, शेयरहोल्डर्स की मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्राइवेट सेक्टर के आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का विलय होने जा रहा है। इस विलय को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अधिकतर शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की चेन्नई बेंच ने यह मीटिंग आयोजित की थी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने शेयरधारकों के इस फैसले की जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को दे दी है। बैंक ने बताया कि मर्जर के प्रस्ताव को 99.95 फीसदी इक्विटी शेयरहोल्डर्स ने मंजूरी दी है। एनसीएलटी द्वारा आयोजित बैठक में ई वोटिंग और रिमोट ई वोटिंग के जरिए यह फैसला हुआ है। जल्द ही इस फैसले की घोषणा नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा भी की जा सकती है।

## एनसीएलटी की चेन्नई बेंट ने की थी यह मीटिंग आयोजित

### शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग के दौरान उछले शेयर

आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के विलय को मंजूरी मिलने के चलते इनके शेयर में शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग के दौरान उछाल देखा गया। आईडीएफसी का शेयर बीएसई पर 0.10 रुपए ऊपर जाकर 114.35 रुपए पर बंद हुआ। साथ ही आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का शेयर भी 0.20 रुपए उछलकर 77.44 रुपए पर बंद हुआ है।




### साल 2015 से शुरू हुआ था आईडीएफसी फर्स्ट बैंक

आईडीएफसी लिमिटेड की स्थापना 1997 में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की फाइनेंसिंग के लिए हुई थी। साल 2014 में कंपनी को आरबीआई ने बैंकिंग सेक्टर में आने की मंजूरी दे दी थी। इसके बाद अक्टूबर, 2015 से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कामकाज शुरू किया था।

### आरबीआई ने दिसंबर में दे दी थी मर्जर को मंजूरी

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने दिसंबर, 2023 में आईडीएफसी लिमिटेड और इसकी बैंकिंग सब्सिडियरी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिवर्स मर्जर की अनुमति दे दी थी। आईडीएफसी फाइनेंशियल होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ने इस मर्जर को जुलाई, 2023 में मंजूरी दी थी। इस प्रस्तावित रिवर्स मर्जर स्कीम के तहत आईडीएफसी के शेयरहोल्डर्स को 100 शेयर के बदले 155 शेयर मिलेंगे। आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर्स की फेस वैल्यू 10 रुपए होगी।

### वोडाफोन आइडिया छह माह में लाएगी 5जी सेवा

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया छह महीने में चुनिंदा शहरों और जगहों पर 5जी सेवाओं की पेशकश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वोडाफोन आइडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अक्षय मूंदड़ा ने कहा कि अगले तीन वर्षों में 4जी नेटवर्क के विस्तार और मजबूती पर ध्यान देने के साथ कंपनी का पूंजीगत व्यय 50,000-55,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता 4जी कवरेज है क्योंकि मेरी नजर में इस इकलौती वजह से हम लगातार ग्राहक गंवा रहे हैं। उस पूंजीगत व्यय में काफी तेजी लाई जाएगी।

### आईटीसी के पुरी ने संभाला सीआईआई अध्यक्ष का पद

**नई दिल्ली।** आईटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने 2024-25 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष पद संभाल लिया है। उद्योग मंडल ने रविवार को यह जानकारी दी। पुरी ने टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के चेयरमैन आर दिनेश का स्थान लिया है। पुरी आईटीसी लिमिटेड के प्रमुख हैं। आईटीसी समूह एफएमसीजी, होटल, पेपरबोर्ड और पैकेजिंग, कृषि कारोबार और आईटी क्षेत्र में कार्यरत है।

## रिलायंस इस सुविधा से बड़ी हिस्सेदारी पाना चाहती है

# सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की एटीएफ पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है रिलायंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाहती है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पाइपलाइन और भंडारण (स्टोरेज) तक पहुंच मिले। इन पाइपलाइन और स्टोरेज का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने पिछले कई साल में किया है। इनका इस्तेमाल वे डिपो और तेल रिफाइनरी से हवाई अड्डों तक विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए करती हैं। रिलायंस इन सुविधाओं तक पहुंच से एशिया के कुछ व्यस्त हवाई अड्डों पर ईंधन कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। देश के कुल विमान ईंधन (एटीएफ) उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है।

- देश के कुल एटीएफ उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 फीसदी

**खास बातें**

- रिलायंस दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद हवाई अड्डे तक पाइपलाइन चाहती है
- दशकों से पीएसयू की पाइपलाइन से हो रही है सप्लाई



### फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम

रिलायंस दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर के स्टोरेज डिपो के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों तक जाने वाली पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा की जाने वाली एटीएफ आपूर्ति की तुलना में फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम है।

### देश का ईंधन बाजार मुक्त है

देश का ईंधन बाजार मुक्त है लेकिन देश के व्यस्त हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति दशकों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा बनाई गई पाइपलाइन से की जाती है।

### पाइपलाइन की पहुंच से लागत में कमी आएगी

नियामक ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ईंधन की लागत को कम करने के लिए सभी आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के लिए इन पाइपलाइन तक पहुंच मिलनी चाहिए। पीएनजीआरबी के मसौदे पर रिलायंस ने यह सुझाव दिया है।

### पीएनजीआरबी ने मांगी थी टिप्पणी

पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने पाइपलाइन द्वारा सभी मौजूदा और भविष्य के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति के बारे में नियमों के मसौदे पर टिप्पणियां मांगी है।

### रिलायंस मुंबई हवाई अड्डे पर कर रहा एटीएफ की आपूर्ति

रिलायंस, जो एक दशक से अधिक समय से विशेष रूप से मुंबई के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन तक पहुंच की मांग कर रही है, ने कहा है कि एयरलाइन के लिए पाइपलाइन के दायरे (जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित पाइपलाइन तक तीसरे पक्ष को पहुंच प्रदान करता है) में भंडारण सुविधाओं तथा 'ऑफ साइट' टर्मिनल सुविधाओं तक पंप स्टेशनों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि ये एटीएफ आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### एटीएफ की आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा

रिलायंस का कहना है कि इससे यह हवाई अड्डे पर 'ऑन-साइट' भंडारण सुविधाओं के लिए एटीएफ की आपूर्ति और वितरण को एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा उत्पादित 1.71 करोड़ टन एटीएफ में से 82 लाख टन की खपत देश में होती है और बाकी का निर्यात किया जाता है।

### एआई के बेहतर इस्तेमाल से मूल्य सृजन होगा, रोजगार बढ़ेगा




एजेंसी ▶▶| डेनवर

रेड हैट भारत को दुनिया के तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक के रूप में देखती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मैट हिक्स का कहना है कि देश का बढ़ता उद्यम आधार और तकनीकी नवोन्मेषी क्षमताएं आईबीएम के स्वामित्व वाली कंपनी के लिए रोमांचक संभावनाएं प्रदान करती हैं। एआई पर बहस और तकनीकी क्षेत्र की नौकरियों और वेतन पर इसके प्रभाव का जिक्र करते हुए हिक्स ने कहा, कृत्रिम मेधा (एआई) पर अगर अच्छी तरह से काम किया जाता है, तो इससे बड़े पैमाने पर मूल्य सृजन होगा और किसी की कल्पना से परे यह नए उद्योगों को जन्म देगा। एंटरप्राइज ओपन-सोर्स सॉल्यूशंस कंपनी रेड हैट का आईबीएम ने 2019 में लगभग 35 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। यह सबसे बड़ा अधिग्रहण सौदा है। भारत में यह कंपनी एक बड़े आधार के साथ काम कर रही है और एक रोमांचक बिंदु पर है जहां वह प्रौद्योगिकी भूमिकाओं के साथ अपनी क्षमताओं को बढ़ा रही है।

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कारोबार, जमा वृद्धि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र सबसे आगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने बीते वित्त वर्ष में कुल कारोबार तथा जमा जुटाने के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह वृद्धि ऐसे समय हासिल की है जबकि ज्यादातर सरकारी बैंक दो अंकीय वृद्धि हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, पुणे मुख्यालय वाले बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल घरेलू कारोबार बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 15.94 प्रतिशत बढ़ा है। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 13.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।बीते वित्त वर्ष में बीओएम की जमा वृद्धि 15.66 प्रतिशत रही। इसके बाद एसबीआई (11.07 प्रतिशत), बैंक ऑफ इंडिया (11.05 प्रतिशत) और केनरा बैंक (10.98 प्रतिशत) का स्थान रहा। बीते वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल ये चार बैंक जमा के मामले में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल कर पाए हैं।




### जैपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, गाजियाबाद ने 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह मनाया

**गाजियाबाद।** एनबीए और एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त जैपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, गाजियाबाद ने अपने 2021-23 और 2022-24 पीजीडीएम बैचों के लिए अपना वार्षिक दीक्षांत समारोह गर्व से मनाया।2022-24 बैच के 138 छात्र और 2021-23 बैच के 90 छात्र जिन्होंने सफलतापूर्वक अपनी पढ़ाई पूरी की, इस शुभ अवसर पर पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए योग्य थे। सर्वश्रेष्ठ छात्रा पुरस्कार डीईआई (विविधता, समानता और समावेशन) के प्रति बी-स्कूल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री आलोक बी. श्रीराम की गौरवशाली उपस्थिति रही। श्री आलोक बी. श्रीराम डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक और सीईओ हैं। वह डीसीएम हुंडई लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी भी हैं। अपने ज्ञानवर्धक संबोधन में उन्होंने छात्रों को संस्थान से सीखी गई बातों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों के तिमाही नतीजे, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा आम चुनाव की वजह से निवेशक अभी सतर्क रुख अपना सकते हैं।

- कंपनियों के तिमाही परिणाम व वैश्विक रुझान का पड़ेगा असर

मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के कारण सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, चौथी तिमाही के नतीजों का सीजन समाप्त होने वाला है। कंपनियों के बेहतर नतीजे असमंजस में फंसे बाजार को कुछ राहत प्रदान कर सकते हैं। गौड़ ने बताया कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल का सोमवार को संबोधन है।

इससे बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जापान और अमेरिका के आर्थिक आंकड़े तथा वैश्विक मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। सप्ताह के दौरान ओएनजीसी, सेल, बीएचईएल, जेके टायर, वन97 कम्युनिकेशंस, पावर ग्रिड, इंटरग्लोब एविएशन, आईटीसी और एनटीपीसी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, इस सप्ताह बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा।



### पीएमआई का आंकड़ा आना बाकी

भारत में पीएमआई विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का आंकड़ा आना है। इसके अलावा ब्रिटेन के मुद्रास्फीति, अमेरिका के बेरोजगारी दावे, एसएंडपी के वैश्विक सेवा और वैश्विक विनिर्माण आंकड़े आने हैं। साथ ही घरेलू मोर्चे पर कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे घोषित किए जाएंगे।''

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

# एलआईसी और रिलायंस बाजार पूंजीकरण में रही सबसे आगे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,47,935.19 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,341.47 अंक या 1.84 प्रतिशत के लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई ने प्राथमिक साइट पर प्रमुख व्यवधानों या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच को 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का मूल्यांकन 40,163.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,212.90 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सप्ताह के दौरान 36,467.26 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण 19,41,110.70 करोड़ रुपये हो गया।

# मस्क ने इंडोनिशिया में स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू की

**देनपसार (इंडोनेशिया)।** एलन मस्क ने दुनिया के सबसे बड़े द्वीपसमूह इंडोनेशिया में स्टारलिंक उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए रविवार को बाली की यात्रा की। मस्क का बाली की प्रांतीय राजधानी देनपसार में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। मस्क ने इंडोनेशिया के मंत्रियों के साथ स्टारलिंक सेवा का शुभारंभ किया। इंडोनेशिया 17,000 द्वीपों का एक विशाल द्वीपसमूह है। देश के दूरदराज के क्षेत्रों में तेज इंटरनेट सेवा देने के लिए स्पेसएक्स के साथ एक समझौता करने के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे थे।

## शब्द पहेली - 5516



**बाएँ से दाएँ**


1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5515 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | प्त | |



# सात्विक-चिराग बने थाईलैंड ओपन चैंपियन, भारतीय जोड़ी का यह 9वां बीडब्लूएफ विश्व टूर खिताब

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरुष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा और कॅरियर का नौवां बीडब्लूएफ विश्व टूर खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे।

### फाइनल तक नहीं गंवाए एक भी गेम

*सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। वे एक भी गेम गंवाए बिना थाईलैंड ओपन फाइनल में पहुंचे थे। लियू और चेन ने भी फाइनल तक के सफर में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन भारतीय जोड़ी के शानदार फॉर्म का उनके पास कोई जवाब नहीं था।*



### सेट 1

सात्विक और चिराग ने जल्दी ही 5-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन और लियू ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की। जब स्कोर 7-7 था तब चीनी जोड़ी ने 39 शॉट की रेली लगाई और 10-7 से बढ़त बना ली। उन्होंने कुछ लंबी रेलियां लगाई लेकिन चिराग ने तूफानी रिटर्न के जरिए स्कोर 10-10 कर लिया। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग ने 14-11 की बढ़त बनाई। यह बढ़त जल्दी ही 16-12 की हो गई। चीनी जोड़ी ने तीन अंक बनाए लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच अंक लेकर गेम जीत लिया।

### सेट 2

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 8-3 के साथ शुरुआत की और ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त बनाए रखी। चेन और लियू ने तीन अंक लगातार बनाए लेकिन सात्विक ने उनकी लय तोड़ी। जब स्कोर 15-11 था तब सात्विक को खेल में विलंब करने पर चेतावनी मिली और चिराग ने दो अंक गंवाए जिससे चीनी जोड़ी ने 15-14 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने हालांकि इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें फिर कोई मौका नहीं दिया।



### पेरिस में जीतना चाहेंगे पदक

*चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था।' सात्विक ने कहा, 'उम्मीद है कि इस जीत के बाद आने वाले टूर्नामेंटों में भी हम लय कायम रखेंगे।' पेरिस ओलंपिक के बारे में पूछने पर चिराग ने कहा, 'हम ही नहीं सभी खिलाड़ी वहां पदक जीतने ही जाना चाहते हैं। उम्मीद है कि हम वहां भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 14 | 9 | 3 | 20 |
| हैदराबाद | 14 | 8 | 5 | 17 |
| राजस्थान | 14 | 8 | 5 | 17 |
| बेंगलोर | 14 | 7 | 7 | 14 |
| चेन्नई | 14 | 7 | 7 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 14 | 5 | 9 | 10 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 08 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
708 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब



### चेन्नइयिन ने जितेश्वर का करार बढ़ाया

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिए पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा, 'जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा।' जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### चिदंबरम ने शारजाह में बनाई एकल बढ़त

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन



टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। टूर्नामेंट के चार दौर अभी बाकी हैं और 16 खिलाड़ी तीन अंक लेकर अगली पायदान पर हैं।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर



**ब्रेंडनबर्ग।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। वह अपना लेडीज यूरोपीय टूर कार्ड (एलईटी) बरकरार रखने की कोशिश में जुटी हैं। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगाई जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज टूर पर 65 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला था।


## आईपीएल : जीत से सनराइजर्स के 14 मैचों में 17 अंक

# हैदराबाद की शानदार जीत, पंजाब का अभियान नौवें पायदान के साथ खत्म

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार के यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 214 रन बनाये लेकिन सनराइजर्स ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत से सनराइजर्स के 14 मैचों में 17 अंक हो गए जबकि पंजाब का अभियान 10 अंकों के साथ नौवें पायदान पर खत्म हुआ।

मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा (66 रन) ने 28 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए राहुल त्रिपाठी (33) के साथ 30 गेंद में 72 और तीसरे विकेट के लिए नीतिश कुमार रेड्डी (37) के साथ 31 गेंद में 57 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। त्रिपाठी ने 18 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रेड्डी ने 24 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन का योगदान दिया। उन्होंने क्लासेन के साथ चौथे विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 26 गेंद में 42 रन की पारी के दौरान तीन चौके और दो छक्के लगाए। अर्शदीप सिंह ने 37 रन और हर्षल पटेल ने 49 रन देकर दो-दो विकेट लिए।



### अभिषेक आईपीएल के नए सिक्सर किंग

*अभिषेक ने पारी के दौरान चौथा छक्का लगाते ही विराट का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड विराट के ही नाम था। उन्होंने 2016 सत्र में 38 छक्के लगाए थे। अब अभिषेक के नाम आईपीएल 2024 में 41 छक्के हैं। यह टीम प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। ऐसे में अभिषेक का यह रिकॉर्ड और बढ़ सकता है। वहीं, विराट भी अपने 2016 वाले रिकॉर्ड को तोड़ने की दहलीज पर खड़े हैं। वह इस सीजन अब तक 37 छक्के लगा चुके हैं और अपने पुराने रिकॉर्ड को सुधारने की दहलीज पर हैं।*

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5 | 2 |
| सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7 | 4 |
| रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3 | 4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2 | 2 |
| आशुतोष का सनवीर बो नटराजन | 02 | 03 | 0 | 0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 214/5
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अभिषेक का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5 | 6 |
| त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4 | 2 |
| रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1 | 3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3 | 2 |
| शाहबाज का शशांक बो अर्शदीप | 03 | 06 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 08 | 0 | 1 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 06 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 17, कुल : 19.1 ओवर में 215/6
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0

### बारिश के कारण केकेआर-रॉयल्स मैच रद

**गुवाहाटी।** बारिश के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) लीग मैच टॉस होने के बाद रद करना पड़ा। गीली आउटफील्ड के कारण इसे सात सात ओवर का कराने का फैसला लेने के तुरंत बाद बारिश आ गयी और मैच रद्द करना पड़ा। केकेआर नौ जीत से 20 अंक लेकर पहले स्थान पर रही, उसे दो मैच रद होने से एक एक अंक और मिले। दिन के दोपहर के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (17 अंक) की पंजाब किंग्स पर चार विकेट की जीत के बाद संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स (17 अंक) अंक तालिका में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गई थी जिससे वह इसी स्थान पर कायम रही। सनराइजर्स हैदराबाद बेहतर रन रेट 0.414 से राजस्थान रॉयल्स (0.273) से आगे दूसरे स्थान पर रही। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 14 अंक से चौथे स्थान पर रही। अब 21 मई (मंगलवार) को पहले क्वालीफायर में केकेआर का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के बीच 22 मई को एलिमिनेटर खेला जायेगा। ये दोनों मैच अहमदाबाद में ही होंगे।

**खास खबर**

## निषाद ने पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



एजेंसी ▶▶| कोबे

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राम पाल अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ 1.90 मीटर के प्रदर्शन से छठे स्थान पर रहे।

टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया। टी 35 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिन्हें समन्वय संबंधित विकृति होती है।

### सुकांत, तरुण, सुहास पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई

***नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरुण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। उनके अलावा तरुण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया।एसएल3 महिला वर्ग में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया।*

## 'कैसा लग रहा है मां', धोनी का विकेट लेने के बाद दयाल ने किया वीडियो कॉल



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अपने बच्चे की पीड़ा एक मां ही समझ सकती है और ठीक 405 दिन पहले एक ओवर में रिंकू सिंह के पांच छक्के झेलने के बाद यश दयाल के कॅरियर को बिखरता देख उनकी मां राधा दयाल बीमार हो गई थी लेकिन एक ओवर ने सब कुछ बदल दिया। रिंकू के बल्ले से हुई आतिशबाजी वाला वह ओवर दयाल के कॅरियर के रास्ते बंद करने वाला भी हो सकता था लेकिन निर्मम सोशल मीडिया के बहाव में नहीं बहने वालों को पता था कि यह लड़का वापसी करेगा। और उसने की भी। दयाल ने आईपीएल के महानतम फिनिशर्स महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा के सामने एक ओवर में 17 रन नहीं बनने दिए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल प्लेआफ में पहुंचाने वाला करिश्माई 20वां ओवर डालकर दयाल ने अपने और अपनी मां के हर जख्म पर मरहम लगा दिया। यहां तक कि रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, 'यह ईश्वर की इच्छा थी।' उस ओवर के बाद दयाल ने अपनी मां को वीडियो कॉल किया और पूछा, 'कैसा फील कर रही हो।'

### रिंकू के पांच छक्के झेलने वाला डरावना सपना



पिता चंद्रपाल ने कहा कि उनके बेटे ने अपनी मां से कहा था कि उसे यकीन है कि वह एम एस धोनी को विजयी रन नहीं बनाने देंगे।' क्लब स्तर पर क्रिकेट खेल चुके चंद्रपाल 2019 में प्रयागराज में महा लेखाकार के कार्यालय से रिटायर हुए हैं। नौ अप्रैल को अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम पर रिंकू सिंह के पांच छक्के झेलने वाले अपने बेटे के साथ वह चट्टान की तरह डटे रहे हैं। उन्होंने पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा, 'वो डरावना सपना फिर से आ रहा था जब धोनी ने पहली गेंद पर छक्का लगाया। लेकिन मुझे भीतर से लग रहा था कि इस बार कुछ अच्छा होगा। यह उसकी कड़ी मेहनत का नतीजा है। ईश्वर की कृपा है।'

### ब्रॉड का उदाहरण देकर किया मोटिवेट

*पिछले साल गुजरात टाइटंस ने दयाल को रिलीज कर दिया लेकिन आरसीबी ने उस पर भरोसा जताया। पिछले आईपीएल के बाद वह बीमार हो गया था लेकिन उसके पिता उसके प्रेरणास्रोत बने। उन्होंने कहा, 'मैं उसे स्टुअर्ट ब्रॉड का उदाहरण देता था कि कैसे टी20 विश्व कप 2007 में युवराज सिंह के एक ओवर में छह छक्के गंवाने के बावजूद स्टुअर्ट ब्रॉड इतना महान गेंदबाज बना। मैंने यही कोशिश की कि वह मानसिक रूप से मजबूत बना रहे और अवसाद का शिकार नहीं हो।'*

## धोनी सीएसके परिवार का हिस्सा या मेंटोर नहीं रहेंगे तो होगा आश्चर्य

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया।




धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाये। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके पूर्व सलामी बल्लेबाज हेडन ने कहा, 'मुझे लगता है कि धोनी ने अपना आखिरी मैच खेल लिया है। ऐसा नहीं है कि हम आईपीएल में धोनी को आखिरी बार देख रहे हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा अगर वह आधिकारिक क्षमता में सीएसके के परिवार का मार्गदर्शन नहीं करेंगे या उसका हिस्सा नहीं बनेंगे।'

## ओलंपिक चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं भाकर

एजेंसी ▶▶| भोपाल

ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते।

मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोउ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने



महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर चीन की हान जियायू के इस महीने बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में बनाए गए 254.0 के मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक अधिक रहा। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3



के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

## आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्टर्स पर भड़के पूर्व कप्तान

# व्यूज के लिए पर्सनल बातें लीक करना गलत : रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं।



रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, 'मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है। चाहे हम निजी तौर पर अपने दोस्तों, साथी खिलाड़ियों से अभ्यास या मैच के दिन बात कर रहे हों। एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।'

### दो बार हो चुकी घटना

रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे। बातचीत की रिकॉर्डिंग करते देख उन्होंने हाथ जोड़कर प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा था, 'भाई ऑडियो बंद करो, 'ऑलरेडी' एक ऑडियो ने मेरा वाट लगा दिया है।

### आरसीबी के प्रदर्शन से टीमों को प्रेरणा मिलेगी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली



आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। फाफ डु प्लेसी की कप्तानी वाली टीम ने शुक्रवार को गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर चौथा स्थान हासिल किया।




## आईएमएस-बीएचयू की जांच में खुलासा, मोबाइल पर ही पूछे गए सवाल

# को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली रिपोर्ट पर शोध अधूरा, पर्याप्त तथ्यों का ध्यान नहीं

*बीएचयू के जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। आईसीएमआर ने आपत्ति जताते हुए नोटिस जारी किया।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस) बीएचयू के प्रोफेसर और जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। कमेटी की प्रारंभिक जांच में ही शोध सवालों के घेरे में आ गया। शोध में जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। किसी का एंटीबॉडी टेस्ट नहीं कराया गया। मोबाइल फोन की मदद से ही को-वैक्सीन लगवाने वालों से नुकसान पूछे गए, जो किसी भी शोध की गुणवत्ता के लिए ठीक नहीं है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही आईएमएस के निदेशक को सौंपी जाएगी। विभागाध्यक्ष ने को-वैक्सीन पर शोध और उसके दुष्प्रभाव का पेपर प्रकाशित किया। दस से ज्यादा विभागों को शामिल करके कहा कि को-वैक्सीन लगवाने वाले किशोरों के बाल झड़ रहे हैं। त्वचा रोग का मामला भी सामने आया है।

आईएमएस के निदेशक को जल्द सौंपेंगे रिपोर्ट

शोध पुराना, अभी सार्वजनिक किया जाना जांच का विषय

बीएचयू की छवि धूमिल करने का आरोप






### शोध रिपोर्ट के समय पर उठे सवाल

*लोकसभा चुनाव के बीच को-वैक्सीन की शोध रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने पर सवाल उठाए हैं। आईएमएस बीएचयू के चिकित्सकों का कहना है कि शोध पुराना है, फिर चुनाव के बीच मीडिया को क्यों दिया गया, यह जांच का विषय है। आधी-अधूरी रिपोर्ट के सार्वजनिक किए जाने की पीछे की मंशा ठीक नहीं लग रही।*

### कोविड के नए वैरिएंट 'फ्लिर्ट' ने बढ़ाई मुसीबत



*वॉशिंगटन। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों अपशिष्ट जल में कोरोना के नए वैरिएंट का एक नया सेट देखा गया है, जिसे फ्लिर्ट नाम दिया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर सहित कई देशों में इस नए वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तेजी से बढ़ते संक्रमण के चलते सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बार फिर से सभी लोगों से मास्क पहनने की अपील की है।*

### परिषद ने जताई आपत्ति, नोटिस भेज मांगा जवाब

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने वैज्ञानिकों के शोध पर कड़ी आपत्ति जताई है। परिषद ने अध्ययन करने वाले बीएचयू के दो विज्ञानियों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। इसमें कहा गया है कि परिषद किसी भी रूप में इस अध्ययन या इसकी रिपोर्ट से नहीं जुड़ा है। अध्ययन करने वालों से पूछा गया है कि क्यों न इस मामले में उनके विरुद्ध कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

### शोध में 10 विभागों का जिक्र

*दुष्प्रभाव वाले शोध में जीरियाट्रिक मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और आईएमएस बीएचयू के करीब दस विभागों का जिक्र है। शोध कार्य पूरा होने के बाद उसके रिसर्च जर्नल्स को प्रकाशन के लिए 30 मई 2022 को संबंधित संस्था में रिसीव हुआ। 17 जुलाई 2022 को उसको स्वीकार किया गया, जबकि 20 जुलाई को प्रकाशन हुआ। शोध रिपोर्ट में को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली जानकारी आईएमएस बीएचयू निदेशक तो हुई तो उन्होंने इसकी सत्यता की जांच करवाने का निर्णय लिया।*

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में हमला

# चुनाव रैली के दौरान चाकू से नेकां के तीन कार्यकर्ता घायल

एजेंसी ▶▶ पुंछ

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर में एक चुनाव रैली में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के तीन कार्यकर्ताओं पर अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नेकां उम्मीदवार मियां अल्ताफ के समर्थन में मेंढर में आयोजित रैली में पार्टी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला भी उपस्थित थे।

हरनी के रहने वाले सोहेल अहमद और यासिर अहमद तथा कासबलारी गांव के रहने वाले मोहम्मद इमरान चाकू हमले में घायल हुए हैं तथा उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है।

उन्होंने बताया कि सोहेल और यासिर की हालत गंभीर बताई जा रही है।




## भारत से विस्फोटक लेकर इजराइल जा रहा जहाज

# स्पेन ने नहीं दी रुकने की इजाजत, कहा मिडिल ईस्ट को हथियार के खेप की नहीं शांति की जरूरत

एजेंसी ▶▶ ब्रूसेल्स

स्पेन ने भारत से विस्फोटक लेकर इजराइल जा रहे एक जहाज को अपने पोर्ट पर रुकने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। डेनमार्क का झंडा लगा ये जहाज चेन्नई से इजराइल के हाइफा पोर्ट जा रहा था। स्पेन के विदेश मंत्री जोश मैनुएल अल्बारेज ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्री अल्बारेज ने ब्रूसेल्स में पत्रकारों से कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हथियारों की खेप ले जा रहा एक जहाज स्पेन के पोर्ट पर ठहरना चाहता है। जिसे ठहरने की अनुमति नहीं दी गई। अल्बारेज ने कहा कि मिडिल ईस्ट को और हथियारों की जरूरत नहीं है। वहां शांति की जरूरत है। उन्होंने जहाज को लेकर ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जहाज पर करीब 27 टन विस्फोटक मौजूद है। यह चेन्नई पोर्ट से इजराइल के हाइफा पोर्ट पर जा रहा है। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुयेंते ने बताया कि 'मैरिएन डेनिका' नाम के एक जहाज ने 21 मई को स्पेन के दक्षिण पूर्व काताजीना पोर्ट पर रुकने की अनुमति मांगी थी। इससे पहले भी एक जहाज स्पेन के काताजीना पोर्ट पर रुका था। इसका नाम 'बोरकम' है। स्पेन में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी की सहयोगी अति वामपंथी 'समर पार्टी' ने इस पर आपत्ति जताई थी।

## कैंसर क्लब राजकोट ने शुरू की अनूठी पहल

# कैंसर पीड़ित 80 से अधिक महिलाओं ने किया रैंप पर वॉक



एजेंसी ▶▶ राजकोट

गुजरात के राजकोट में कैंसर से पीड़ित 80 महिलाओं ने रैंप वॉक किया। यह कार्यक्रम कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शीघ्र निदान के महत्व के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर से लड़ने वाली महिलाओं की सराहना और उन लोगों को प्रेरित करना भी था जो अभी भी इससे लड़ रहे हैं। यह कैंसर क्लब राजकोट की पहल अनूठी मानी जा रही है, क्योंकि इसमें कोई मॉडल नहीं थीं बल्कि केवल वे 80 महिलाएं थीं जो स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का शिकार रहीं लेकिन तमाम बाधाओं के बावजूद इस बीमारी को हरा दिया। कैंसर क्लब राजकोट ने दो महीने पहले यह पहल शुरू की थी। बेंगलुरु और दिल्ली शहरों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। लेकिन इन शो में केवल 25 महिलाओं ने हिस्सा लिया। राजकोट में आयोजित शो अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

### कैंसर का इलाज संभव संदेश देने की कोशिश

*शो के आयोजकों ने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की क्योंकि उन्होंने लगभग एक महीने तक कैंसर रोगियों को इस रैंप वॉक के लिए तैयार किया। फैशन शो के माध्यम से, कैंसर क्लब का लक्ष्य यह बताना है कि यदि कैंसर का शीघ्र पता चल जाए तो वास्तव में इसका इलाज किया जा सकता है और व्यक्ति एक नया जीवन शुरू कर सकता है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109